● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 22, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 20 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करे: शाह 5

चैम्पियंस ट्राफी में भारत का मुकाबला आज 6

## दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी रेखा गुप्ता

### विधायक की बैठक में लगी मुहर, आज सीएम पद की लेंगी शपथ

**दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। कल यानि 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था।




बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया गया। इसके बाद पार्टी नेता उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश करेंगे और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा।

इससे पहले 19 फरवरी यानि बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा-एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है। कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। एसपीजी, अर्द्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस का बहुस्तरीय घेरा मौजूद रहेगा।

रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई।

रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन (आरएसएस) के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कॉलेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की।

पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।

## धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर दो हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी: डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को 2000 रुपए प्रति हेक्टेयर के मान से उनके बैंक खाते में अंतरित करेगी। इसका लाभ छोटे किसानों को भी मिलेगा। किसानों के हित में प्रदेश सरकार ने पहले कोदो-कुटकी के उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया। गेहूं उत्पादक किसानों से भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल उपज खरीदी जाएगी। दुग्ध उत्पादक किसानों से सरकार दूध खरीदेगी और उन्हें बोनस भी देगी। किसानों को सोलर पंप देकर उन्हें बिजली के बिल से भी मुक्ति दिलाई जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर नगरीय निकाय में गीता भवन बनाए जाएंगे। उमरिया में सोन नदी पर 45 करोड़ रुपए की लागत से नए पुल का निर्माण होगा। एक अन्य पुल भी 32 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी



वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि अटलजी का व्यक्तित्व काफी विराट था। इस वर्ष उनकी जन्मशताब्दी मनाई जा रही है। देश में पहली बार गांव-गरीब के बारे में किसी ने सोचा तो वे श्रद्धेय वाजपेयी जी थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आज गांवों में आवागमन सुगम हुआ है। गांवों को विकास और शहरों से जोड़ने वाले पहले व्यक्ति भारत रत्न अटलजी ही थे, जिनके सामने संसद में पक्ष-विपक्ष के सभी नेता नतमस्तक रहते थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि अब 250 की आबादी वाले गांवों में भी सड़कें बनाई जाएंगी। गरीबों को पक्का मकान देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में आनंद होना चाहिए। यह प्रदेश सरकार का संकल्प है। गरीबों का भी देश-प्रदेश में अधिकार है। समाज के वंचित वर्ग को पक्के मकान मिलने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## बेरोजगारी पर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा

### कहा- रोजगार के लिए युवा जा रहे विदेश, सरकार भटका रही ध्यान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अब बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने दावा किया कि देश में स्थिति इतनी खराब है कि युवा रोजगार की तलाश में विदेश जाने को मजबूर हैं। जबकि मोदी सरकार लगातार देश का ध्यान भटकाने में लगी हुई है।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की। इसमें मर्सर-मेटल के इंडियाज ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स 2025 के हवाले से कहा गया कि देश में केवल 42.6 फीसदी स्नातक ही रोजगार के लिए योग्य हैं। जबकि 57.4 फीसदी को काम ही नहीं मिल पाया है। जयराम रमेश ने लिखा कि आज युवा बेरोजगारी से हताश और निराश हैं। हालात इतने खराब हैं कि लाखों युवा विदेशों में जाकर रोजगार ढूंढने को मजबूर हैं, लेकिन मोदी सरकार रोजगार सृजन की बजाय लगातार देश का ध्यान भटकाने में जुटी रहती है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के भयावह आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 57.4 प्रतिशत ग्रेजुएट बेरोज़गार हैं, क्योंकि डिग्री और कौशल में अंतर मानते हुए प्राइवेट कंपनियां व उद्योग उन्हें रोजगार के योग्य नहीं मान रहे। जबकि मोदी सरकार का पूरा ध्यान अपने कुछ चुनिंदा मित्रों को फायदा पहुंचाने पर है, जिस कारण भारत में आधे से ज्यादा युवा नौकरी पाने में नाकाम रहते हैं। जयराम रमेश ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, लेकिन अगर वे ही बेरोजगार रहेंगे, तो विकास कैसा?

## मूल्यवान कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले पायदान पर

**नई दिल्ली।** बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया 500 की ताजा सूची के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) लगातार चौथे साल भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इस मामले में मुकेश अंबानी की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचडीएफसी बैंक से आगे है। 2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 रिपोर्ट में रिलायंस का मूल्यांकन 17.5 लाख करोड़ रुपये आंका गया है। टीसीएस 16.1 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे स्थान पर है और एचडीएफसी बैंक 14.2 लाख करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

## मुडा मामले में सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट

**बंगलूरू।** मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है। लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले।

कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितंबर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितंबर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के



खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अंतिम रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप दी है।

लोकायुक्त पुलिस ने कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा को भेजे एक पत्र में कहा कि मामले में आरोपी एक से आरोपी चार के खिलाफ आरोप सबूतों की कमी के कारण साबित नहीं हुए हैं। इसलिए अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जा रही है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा 2016 से 2024 तक 50:50 के अनुपात में मुआवजा भूखंड प्रदान करने के आरोपों की आगे की जांच की जाएगी और धारा 173 (8) सीआरपीसी के तहत एक अतिरिक्त अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जाएगी।

मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50% के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार की तरफ से योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50:50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है।

## मल्लिकार्जुन खरगे की कांग्रेस नेताओं को दो टूक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के भीतर जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को शीर्ष पार्टी नेताओं को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी महासचिव और प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों में संगठन व चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे। दरअसल, खरगे ने बुधवार को पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की एक अहम बैठक की। इसमें नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के मुद्दे का भी जिक्र किया गया। खरगे ने कहा कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करने से साफ है कि सरकार को उनकी निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है।

## पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा केस में बड़ा एक्शन

### ईडी के जांच अधिकारी हटाए गए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ तीन जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं, लेकिन सौरभ शर्मा का रसूख कितना है, इसका अंदाजा हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मुख्यालय द्वारा किए गए अधिकारियों के ट्रांसफर में स्पष्ट झलक रहा है। सौरभ शर्मा मामले की जांच से जुड़े भोपाल जोनल कार्यालय में पदस्थ ईडी के डिप्टी डायरेक्टर तुषार श्रीवास्तव को जोनल ऑफिस दिल्ली भेज दिया गया है। इसी तरह असिस्टेंट डायरेक्टर गिनी चंदना और हितेष भंडारी के कार्यक्षेत्र भी आपस में बदल दिए गए हैं। हालांकि यह दोनों अधिकारी भोपाल से हटाए नहीं गए हैं। ईडी ने डिप्टी डायरेक्टर मनीष सभरवाल और मुकेश कुमार को भोपाल जोनल ऑफिस में बतौर डिप्टी डायरेक्टर पदस्थ किया है। भोपाल में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर सौरभ शर्मा मामले की जांच से जुड़े ईडी अधिकारियों के हटाए जाने के बाद उससे जुड़े केस की जांच करने वाले लोकायुक्त और आयकर विभाग के अधिकारियों को हटाए जाने का डर सताने लगा है।

## बालाघाट में चार हार्डकोर महिला नक्सलियों का एनकाउंटर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में चार महिला नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। इन्हें हॉकफोर्स और पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। कुछ अन्य नक्सली भी घायल हुए हैं, जो जंगल में छिप गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। तीन की मौत तो तुरंत हो गई थी, चौथे का शव जंगल में सर्चिंग के दौरान मिली है। जानकारी के अनुसार थाना गढ़ी के सूपखार वन रेंज के रौंदा फारेस्ट कैम्प के समीप हॉकफोर्स, पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुई मुठभेड़ में चार हार्डकोर नक्सलियों को मार



गिराने में सफलता प्राप्त हुई है। ये मुठभेड़ सुबह करीब 11 बजे कान्हा किसली के मुक्की क्षेत्र में होना बताया जा रहा है। करीब दो घंटे आमने-सामने फायरिंग हुई है। हालांकि मारी गई महिला नक्सलियों की पहचान सामने नहीं आ सकी है। इनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मारी गई तीन महिला नक्सलियों से एक इन्सास रायफल, एक एसएलआर रायफल व एक .303 रायफल व दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री जब्त की गई है। चौथे नक्सली का शव जंगल में मिला है। उक्त मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल हुए हैं जो घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए हैं जिनकी तलाश के लिए हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल सहित 12 से अधिक टीमों द्वारा सघन सर्च ऑपरेशन जारी है। मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मप्र पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में माननीय गृहमंत्री अमित शाह वर्ष 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए अभियान चला रहे हैं और हमारी सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। आज बालाघाट में तीन महिला नक्सलियों को मारा गया है, जिनसे हथियार भी बरामद हुए हैं तथा अन्य नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ जारी है।

## यूके के पूर्व प्रधानमंत्री ने संसद भवन का परिवार के साथ किया भ्रमण

**दिल्ली।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने परिवार के साथ संसद भवन पहुंचे। उनके साथ राज्यसभा सांसद और उनकी सास सुधा मूर्ति और पत्नी अक्षता भी थीं। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया। इस दौरान सुनक ने परिवार के साथ संसद भवन परिसर का भ्रमण किया और इसकी वास्तुकला को बारीकी से देखा। इस दौरान वह उत्साहित नजर। सुनक ने संसद भवन की गैलरी, चैंबर और संविधान की प्रति को भी देखा। बीते 15 फरवरी को यूके के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने ताजमहल का दीदार किया था। उन्होंने शाम को अपनी पत्नी अक्षता, सास सुधा मूर्ति और दोनों बेटियों कृष्णा और अनुष्का के साथ ताजमहल का भ्रमण किया था और करीब एक घंटे तक यहां समय बिताया था। इस दौरान पर्यटकों ने उन्हें देखकर जोश से नारे लगाए तो पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हाथ जोड़कर नमस्ते से उनका अभिवादन किया था।

## अमेरिका से भारतीयों के निर्वासन पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**गांधीनगर।** गुजरात कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को गांधीनगर में राज्य विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने हथकड़ी और बेड़ियां लगाकर अमेरिका से अवैध रूप से आए भारतीय प्रवासियों को वापस भेजे जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया। गुजरात कांग्रेस के विधायक गांधीनगर में राज्य विधानसभा के बाहर जमा हुए और नारे लगाए कि भारतीयों का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। बता दें कि, हाल ही में अमेरिका से वापस लाए गए गुजरात के तीन अवैध भारतीय प्रवासियों को सोमवार को अहमदाबाद लाया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद रविवार को 112 अवैध रूप से वापस लाए गए लोगों का तीसरा जत्था अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा।

## बदले की भावना नहीं, सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा: सरमा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई के आईएसआई से जुड़े आरोपों पर कहा कि, वह कोई बदले की भावना से काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में काम कर रहे हैं, जिसे किसी भी हालत में समझौता नहीं किया जा सकता। सीएम सरमा ने मंगलवार को कांग्रेस के एक और सांसद, प्रद्युत बोरदोलोई के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आने वाले महीनों में आप चौंक जाएंगे। मैं यह आश्वासन देता हूं कि जो मैं कर रहा हूं, वह केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में है। मुझे इस पर पूरी जिम्मेदारी है। मैं भी श्री तरुण गोगोई के नेतृत्व में काम कर चुका हूं और मुझे इस प्रकार की घटनाओं की गंभीरता पूरी तरह समझ है।

उन्होंने आगे कहा, मैंने देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करने की शपथ ली है और इसे किसी भी हालत में बनाए रखूंगा। यह राजनीति या व्यक्तिगत संबंधों से ऊपर है, यह हमारे देश की बात है। इससे पहले, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने इस मुद्दे पर सरमा पर हमला करते हुए कहा कि असम विधानसभा चुनाव 2026 में हारने के डर से यह सब किया जा रहा है। बता दें कि, असम पुलिस ने सोमवार को पाकिस्तान के नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी, जो असम और भारत के आंतरिक मामलों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां कर रहा था।

## संगम का जल नहाने योग्य, विपक्ष फैला रहा अफवाह: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर अफवाह फैलाने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान कर रहे हैं। अब तक महाकुंभ में 56 करोड़ से भी ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संगम का जल साफ है और डुबकी लगाने योग्य है। विपक्ष के लोग इसमें मानव मल होने का दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी सरकार का आयोजन नहीं है। यह सनातन संस्कृति का आयोजन है। महाकुंभ पर अफवाह फैलाने वाले और अनर्गल आरोप लगाने वाले सनातन आस्था का अपमान कर रहे हैं। इस पर राजनीति नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी विधानसभा में महाकुंभ पर



संक्षिप्त चर्चा में जवाब दे रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के लोग महाकुंभ का पहले दिन से ही विरोध कर रहे हैं। इनकी एक सहयोगी ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा है। इसी तरह राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने इसे फालतू की बात कहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि महाकुंभ की भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सनातन संस्कृति का पालन करना अपराध है तो हम ये अपराध हजार बार करेंगे। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि संक्रमित व्यक्ति का उपचार हो सकता है संक्रमित सोच का कोई उपचार नहीं है। महाकुंभ महान आयोजन है। महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और स्वीकृति से। स्वीकृति का इससे अधिक प्रमाण क्या हो सकता है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद चुपचाप जाकर महाकुंभ में डुबकी लगा आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ किसी पार्टी विशेष और सरकार का नहीं, बल्कि समाज का आयोजन है। सरकार पीछे है। सरकार सहयोग और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए सेवक के रूप में है। सेवक के रूप में उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना हमारी जिम्मेदारी है। हम तत्परता के साथ ऐसा करेंगे, क्योंकि हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। हमारे मन में भारत की सनातन परंपराओं के प्रति श्रद्धा का भाव है और उन श्रद्धाओं को सम्मान देना हमारा दायित्व है। सौभाग्य है कि सदी के महाकुम्भ के साथ सरकार को जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। तमाम दुष्प्रचार को दरकिनार करते हुए देश-दुनिया ने इस आयोजन के साथ सहभागी बनकर इसे सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाया है। प्रतिपक्ष के सदस्य डॉ. आरके पटेल, संग्राम सिंह यादव, आराधना मिश्रा मोना का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे जिम्मेदारियों का अहसास है। 29 जनवरी के भगदड़ के शिकार श्रद्धालुओं और प्रयागराज कुम्भ के दौरान सोनभद्र, अलीगढ़ या अन्य जगहों पर महास्नान में आने और वापस जाने के दौरान जो श्रद्धालु सड़क दुर्घटना के शिकार हुए हैं। हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। हमारी संवेदना परिवारजनों के प्रति है। सरकार उनके साथ खड़ी है और हरसंभव मदद करेगी।

# हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ समय पर मिले : विश्वामित्र

**सिंगरौली।** सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया था। अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राही को योजनाओं से लाभान्वित कराना था। हमारी डबल इंजन की सरकार वंचितों एवं गरीबों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत लिलवार, सवेचा, मेढ़ौली, बघोर, चितवरिया एवं घोपारी में आयोजित जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरण सह जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए।



कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा हर क्षेत्र में चहुमुखी विकास हो रहा है। विधानसभा में पिछले एक वर्ष में हुए विकास की जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र सिहावल के चहुमुखी विकास में कोई कोर कसर नहीं होगी। क्षेत्रीय विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रत्येक घर में जाकर सर्वे करने एवं हर पात्र व्यक्ति को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान योजना, संबल योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पेंशन योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड नक्शा खसरा खतौनी, की प्रतिलिपि, सहित विभिन्न विभागों में संचालित 45 हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं 63 सेवाओं से संबंधित जो आवेदन पत्र आपने दिया था उनका तत्परता से प्रभावी निराकरण कर पात्रतानुसार हितलाभ वितरण किया जा रहा।

शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आवासीय भूमि का अधिकार पत्र, पेंशन योजनाओं के स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र एवं आयुष्मान कार्ड संबल कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से साक्षी गौतम तहसीलदार, अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, अतुल मिश्रा एसडीओ आरईएस, कामता तिवारी बीपीओ, मुन्नालाल वर्मा बीआरसीसी, आकाशदीप जे ई, विमलेश रावत अध्यक्ष मंडल सिहावल, सिद्धार्थ गौतम मंडल अध्यक्ष अमिलिया, चंद्रशेखर शुक्ला, राजेश्वर पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, दल बहादुर सिंह, जितेंद्र पटेल सरपंच लिलवार, श्रीमती मुन्नी देवी सरपंच सवेचा, आशुतोष द्विवेदी सरपंच बघोर, श्रीमती सुमन कोल सरपंच चितवरिया, पुष्पेंद्र मिश्रा, जितेंद्र सिंह, संतोष शुक्ला अंतर पटेल, पुष्पराज मिश्र, मनोज शुक्ला, अल्केश पटेल, नवीन पटेल, सुभाकर द्विवेदी, श्यामलाल नापित, भोले सिंह, संतोष तिवारी, भैयालाल पटेल, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु, गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन से कोलयार्ड हटाने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध

**सिंगरौली।** विधानसभा देवसर के अंतर्गत व्याप्त विभिन्न समस्याओं, भ्रष्टाचार, रेत की चोरी तथा जबरन विस्थापन के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान तहसील प्रांगण में आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए शासन-प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया। इस मौके पर बंशमणि वर्मा पूर्व मंत्री,ज्ञानेंद्र द्विवेदी जिला अध्यक्ष,दरोगा पाठक जिला अध्यक्ष सरपंच संघ सिंगरौली,रणबहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष,गोमती जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे वक्ताओं ने कहा कि सरई रेलवे स्टेशन पर कोलयार्ड की समस्या बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम जट्टूठाटोला, लामीदह, खनुआ, पचौर बंधा, सुलियरी, पिड़रवाह, डोंगरी, झलरी सहित विभिन्न स्थानों पर जबरन विस्थापन किया



जा रहा है, लेकिन विस्थापित परिवारों को उचित मुआवजा एवं रोजगार नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा नगर परिषद सरई में सड़कों की जर्जर हालत, बिजली की अनियमित आपूर्ति, नालियों की बदतर स्थिति और स्वच्छता की कमी भी प्रमुख समस्याओं में शामिल हैं, ओवर ब्रिज निर्माण न होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, वहीं सरई हायर सेकेंडरी स्कूल के पास ओवर ब्रिज का निर्माण न होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। ग्राम जमगड़ी में आम निस्तार हेतु अंडर ब्रिज के निर्माण की भी वर्षों से मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण यह समस्या जस की तस बनी हुई है। इस आमसभा में वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। सभा के उपरांत कांग्रेस नेताओं ने तहसीलदार को 24 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए।

# ग्राम पंचायत गीड़ा में पुलिया निर्माण में भारी अनियमितता

**सिंगरौली।** जनपद क्षेत्र देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत गीड़ा में पुलिया निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ झाला किया जा रहा है। ग्राम पंचायत गीड़ा के वार्ड क्रमांक 2 में गेणुआ नाला पर पंचायत द्वारा पुलिया निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें निर्माण एजेंसी द्वारा काफी गोलमाल किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक सीमेंट घटिया क्वालिटी का लगाया जा रहा है। इसके अलावा रेत भी अवैध तरीके से लिया जा रहा है। पुलिया निर्माण में गिट्टी भी निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं लगाया जा रहा है। छोटी गिट्टी की जगह बड़ी साइज़ लगाई जा रही है। सरिया लगाने में जबरदस्त हिलाहवाली की जा रही



है। सरकार एक ओर ग्रामीणों को अच्छी सुविधा, अच्छी सड़क देने के लिए लगातार विकास की गंगा बहा रही है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत गीड़ा के सरपंच सचिव सरकारी पैसा को ख़यानत करने में जुटे हुए हैं। यह पुलिया के निर्माण में जिम्मेदारों द्वारा जमकर लीपापोती की जा रही है। पुलिया में एस्टीमेट के मुताबिक सरिया छड़ भी नहीं लगाया जा रहा है। चुनाव के समय यही जनप्रतिनिधि जनता के सामने बड़े-बड़े, लंबे-चौड़े वायदे करते देखे जाते हैं। स्वयं को जनता का सेवक कहते नहीं थकते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वही व्यक्ति जनता के दु:ख -दर्द में साथ न देकर खुद के विकास में जुटे हुए देखे जा रहे हैं। निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण स्थल पर साइन बोर्ड भी नहीं लगवाया गया है, जिससे ग्रामवासियों को निर्माण कार्य से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। जानकारी के अभाव में ग्रामीण जनता घटिया निर्माण कार्य होने के बावजूद भी सरपंच सचिव को कुछ नहीं बोल पा रहे हैं।

# भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर : रीती

## केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर सीधी विधायक ने बताई विशेषता

सिंगरौली

भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली भाजपा कार्यालय में सीधी विधायक रीति पाठक ने प्रेस वार्ता कर केंद्रीय बजट की उपलब्धियां गिनाई और मीडिया से चर्चा की। भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में उन्होंने प्रबुद्ध जन सम्मेलन के साथ बजट की की विशेषता बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का जिक्र किया उन्होंने कहा कि सरकार ने करोड़ों लोगों को आवास उपलब्ध कराया है अकेले हमारे सीधी विधानसभा की बात की जाए तो करीब नौं हजार से ज्यादा लोगों को पिछले साल आवास योजना का लाभ मिला है। श्रीमती पाठक ने कहा




कि यह ऐतिहासिक बजट हैं। इसमें आम आदमी सहित मजदूर किसान और महिलाओं की जीवन की बेहतरीन के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान शामिल है। आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करने के लिए कई आर्थिक सुधारों की घोषणा की गई है। गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को विशेष महत्व दिया गया है। यह बजट देश को आर्थिक विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

इस वार्ता को संबोधित करने के लिये प्रदेश संगठन ने सीधी विधायक एवं पूर्व लोकसभा सांसद श्रीमती रीती पाठक को सिंगरौली भेजा था। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, प्रदेश प्रवक्ता शिवम् शुक्ला, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र गोयल, विधि प्रकोष्ठ संयोजक एडवोकेट प्रदीप शाह तथा जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता रीती पाठक ने केंद्रीय बजट 2025-26 को क्रांतिकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह संतुलित बजट विश्व पटल पर उभरते भारत का प्रतिबंध है। लगभग 60 लाख करोड़ के इस विशाल बजट में प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय आवश्यकता के हर बिंदु को इस बजट में पिरोने का काम किया है। समाज के हर वर्ग चाहे वो युवा हो, महिला हो, छात्र हो, उद्यमी हो, वरिष्ठ नागरिक हो, गरीब या मध्यमवर्ग हो सभी के हितों का इस बजट में विशेष ध्यान रखा गया है। वक्ता रीती पाठक ने कहा कि आज हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुके हैं तथा तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं ये बजट अपने आप में अलग है क्योंकि पहली बार इस बजट में आयकर को लेकर क्रांतिकारी बदलाव किये गये हैं जिसमें देश का पूरा मध्यमवर्ग लाभान्वित हुआ है।

# सरई थाना प्रभारी ने ली ऑटो चालकों की बैठक, यातायात व्यवस्था सुधारने पर दिया जोर

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया ने बुधवार को स्थानीय ऑटो चालकों की थाना परिसर में बैठक आयोजित कर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या पर विशेष जोर दिया और चालकों को नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी। थाना परिसर में आयोजित इस बैठक में ऑटो चालकों को यातायात नियमों



की महत्ता समझाई गई। थाना प्रभारी ने कहा कि यात्रियों के साथ शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार करना हर चालक की जिम्मेदारी है। उन्होंने क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने, निर्धारित किराया लेने और वाहन को नियंत्रित गति में चलाने की सलाह दी। इसके अलावा, ओवरस्पीडिंग पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। बैठक में बाजार क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए गए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी। बैठक में कई ऑटो चालक उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# अनियंत्रित यात्री बस नाले में जा घुसी, बाल बाल बचे यात्री



**सिंगरौली।** बुधवार दोपहर रीवा से चलकर बैढ़न आ रही परिहार ट्रेवल्स की यात्री बस बरगवां थाना क्षेत्र के समीप सजहर जंगल के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाले में धस गई। बताया जा रहा है कि ब्रेक फेल हो जाने के कारण यह दुर्घटना घटी है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में बस पलटी नहीं, और यात्री बाल बाल बच गए, नहीं तो एक बड़ा हादसा पेश आता। इस हादसे पर बरगवां निरीक्षक राकेश साहू ने बताया कि दुर्घटना में एक बच्चे को मामूली चोटे आई हैं।

# आरटीओ चेक प्वाइंट प्रभारी ने दो माल वाहनों पर की कार्यवाही

**सिंगरौली।** आरटीओ चेक पॉइंट प्रभारी के द्वारा लगातार इन दिनों माल वाहक वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। जहां आज बुधवार को आरटीओ चेक पॉइंट प्रभारी अनिमेष जैन के द्वारा बिना परमिट के चल रहे दो माल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई हैं।

जानकारी देते हुए बताया गया कि बिना परमिट के सड़क पर दो माल वाहनों को आरटीओ चेक पॉइंट प्रभारी अनिमेष जैन व उनकी टीम के द्वारा कोयला एवं राखड़ लोड वाहनों को जप्त करते हुए चालानी कार्रवाई की गई। आरटीओ



चेक प्वाइंट प्रभारी के द्वारा चालानी कार्रवाई कर सरकार के खाते में राजस्व जमा कराया गया। साथ ही हिदायत दी गई कि सभी वाहन मालिक एवं चालक आरटीओ यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें और वहां में रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाएं। आरटीओ चेक पॉइंट प्रभारी के कार्यवाही से हड़कंप की स्थिति वाहन चालकों में मची रही।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त का वितरण 24 फरवरी को

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष मे कुल राशि रूपये 6 हजार की राशि तीन समान किश्तों मे प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त के वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी को भागलपुर बिहार से किया जा रहा है। 19वीं किश्त वितरण दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाना हैं। कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा समस्त उपखण्ड अधिकारियों, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, तहसीलदारो को निर्देश दिए गए हैं कि सिंगरौली जिले में 24 फरवरी किसान सम्मान समारोह के प्रभावी प्रसारण की समस्त तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के साथ ही समारोह में जन प्रतिनिधियों किसानो को आमंत्रित किया जाये। साथ ही निर्देश दिए गए है कि जिला, ब्लाक, तहसील एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बड़े प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण एवं प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें।

# सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग सहित चार की मौत, एक गंभीर

## बैढ़न के कचनी,माड़ा और सरई में दर्दनांक हादसा, हादसो का शहर बना सिंगरौली

**सिंगरौली।** वैसे तो सिंगरौली जिले की पहचान देश में ऊर्जाधानी के रूप में होती है लेकिन अब हादसों के लिए यह शहर अपनी पहचान बनाने लगा है। कभी सड़क हादसा तो कभी कंपनियां के बॉयलर में तो कभी बिजली के खभों के करंट से लोग अपनी जान गवा रहे हैं। यहां हर दिन कोई ना कोई हादसा होता है जिसमें कभी मां की गोद सूनी हो जाती है तो कभी किसी सुहागन का सिंदूर उजड़ जाता।? अधिकतर सड़क दुर्घटना में लोग दम तोड़ रहे हैं। शहर में जिम्मेदार लगातार सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की बैठक करते हैं लेकिन नतीजा सिफर। ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ती है तेज रफ्तार वाहन सड़क पर बेखौफ दौड़ते दिखते हैं इन वाहन चालकों को पुलिस का बिल्कुल भी खौफ नहीं है। शराब पीकर भी कई लोग वाहन चलाते हैं नतीजा हादसों के रूप में सामने आता है। आज बुधवार को दो



अलग-अलग सड़क हादसों में दो जवान युवकों की जबकि एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई है तो वहीं एक बाइक सवार जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। जिले में तीन अलग-अलग जगह पर हुए सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत धरी के जंगल में तेज रफ्तार से जा रहे दो बाइक सवारों की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सवार राजपाल सिंह गोड़ पिता छत्रपाल सिंह गौड़ उम्र 20 वर्ष निवासी रम्पा एवं अवीनरेश गोड़ मृतक उम्र 19 वर्ष निवासी धरी माड़ा से लंघाढोल जा रहे थे। जहां धरी के जंगलों में तेज रफ्तार बाइक होने से अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे रखे नल जल योजना के पाइपों से टकरा गई। जहां दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद दोनों परिवार में मातम का माहौल है। दूसरा सड़क हादसा सरई थाना क्षेत्र के दुधमनिया गांव में हुई है। चमारी डोल निवासी एक युवक बाइक तेज रफ्तार से चलाते हुए सरई आ रहा था। वह दुधमनिया पहुंचा ही था कि अचानक पैदल जा रहे वृद्ध गंभीर सिंह उम्र 65 वर्ष निवासी दुधमनिया को जोरदार टक्कर मार दी। जहां वृद्ध का सर एक पत्थर से टकरा गया। सर पर चोट इतनी गंभीर लगी की वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल शह ट्रामा सेंटर लाया गया है। तीसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र ग्राम कचनी दसौती का मंगलवार व बुधवार की दरम्यानी रात की है, जहाँ ग्राम खुटार निवासी मुकेश कुमार शाह पुत्र भैया लाल उम्र 30 एक बारात कार्यक्रम में आया था जहाँ बताया गया कि मृतक बारात की किसी बोलेरो के गेट पास खड़ा था की वही से तेज गति से गुजर रहे अज्ञात होंडा लिओ गाड़ी के चालक ने जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना//**

**क्रमांक 455/ई-टेंडर/राजस्व/न.पा.नि./2025** रीवा, दिनांक 18-02-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो, टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली एवं व्यावसायिक वाहनों से व्यवसाय शुल्क वसूली का कार्य (12 माह) करने के लिए ऑन लाईन निविदायें लम्प-सम दर पर आमंत्रित की जाती है। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन ई-टेण्डरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in में निर्धारित पोर्टल शुल्क, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निविदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_403666_1 19.02.2025 [FIRST CALL] 455/18.02.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो, टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली एवं व्यावसायिक वाहनों से व्यवसाय शुल्क वसूली का कार्य। | 12 माह ₹7471550/- | ₹1000/- ₹1867888/- | 19.03.2025 18:00 बजे तक। |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं के साथ की गई बैठक

**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु दिनांक 19-02-2025 दिन बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ हॉल में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मागदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के द्वारा समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर ने समस्त न्यायाधीशगणों को निर्देशित किया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जिनमें पक्षकार के मध्य सहमति बन सकती है उसे लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। श्री दिनकर ने अधिवक्तागण को निर्देशित करते हुये कहा कि न्यायालय में लंबित आपराधिक, सिविल एवं बीमा कंपनी के राजीनामा योग्य प्रकरण को लोक अदालत हेतु चिन्हित करें ताकि आगे होने वाली प्रीसिटिंग बैठक में आवेदकों के मध्य चर्चा की जा सके।

उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री बृजेन्द्र सिंह, श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, श्री गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, श्री लक्ष्मण डोडवे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती शोभना मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री सुखेन्द्र द्विवेदी लोक अभिभाषक, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्री विद्याकांत मिश्र सचिव जिला अधिवक्ता संघ, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिलस श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, श्री बाबूलाल सिंह असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिलस श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, श्री ऋषभ सिंह पैनल अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री यज्ञप्रताप सिंह, श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव, श्री सूर्यकांत पाण्डेय, श्री उदयकमल मिश्रा, श्री अरूणोदय द्विवेदी, श्रीमती सुजाता मिश्रा, श्री अरविंद गोस्वामी, श्री प्रवीण कुमार सिंह, श्री उमेश प्रसाद तिवारी, श्री सतीश उर्मलिया, श्री ज्ञानेन्द्र कुमार उपाध्याय, श्री लवकुश प्रसाद मिश्रा, श्री भूपेन्द्र सिंह चौहान, श्री राकेश चतुर्वेदी, श्री आशुतोष गुप्ता, सहित अन्य अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आभार प्रकट श्रीमती सुजाता मिश्रा अधिवक्ता द्वारा किया गया।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी महाविद्यालय सीधी में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार सात दिवसीय 17 फरवरी से 22 फरवरी 2025 तक ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ, जिसमें लोनावला महाराष्ट्र कैवल्यधाम मुख्य ब्रांच के प्रमुख चेयरमैन श्री ओपी तिवारी तथा सीईओ श्री सुबोध तिवारी कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण केंद्र बावड़िया कला भोपाल ब्रांच के प्रभारी श्री संदीप दीक्षित के मार्गदर्शन में योग ऑनलाइन शिविर आयोजन हो रहा है। इस ऑनलाइन योग प्रशिक्षण के कोऑर्डिनेटर योगाचार्य राकेश चौहान तथा योग प्रशिक्षिका संध्या चौहान द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय से लगभग 150 छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। प्रथम दिवस ऑनलाइन योग प्रशिक्षण के दौरान रीवा एवं शहडोल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ आर.पी. सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया। और उन्होंने कहा कि योग जीवन में अत्यंत आवश्यक है और इसे प्रतिदिन करना चाहिए। योग करने से स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को बेहतर ढंग से योग करने के लिए प्रेरित किया और इस प्रशिक्षण शिविर से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया।

इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन महाविद्यालय स्तर पर डॉ रविंद्रनाथ सिंह और उनकी टीम- डॉ दिवाकर सिंह, डॉ राजकुमार सोर्टिया, डॉ वरुण यादव, श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद सोनी के द्वारा संचालित किया जा रहा है जिससे महाविद्यालय के सभी स्टाफ एवं छात्र- छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं।

## दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ



**सीधी।** दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को राज्य स्तरीय टीम की उपस्थिति में शहरी स्वास्थ्य केंद्र और सेमरिया सीएचसी में किया गया। दस्तक अभियान 18 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगा। इस अभियान के दौरान 0 से 5 साल तक के बच्चों की स्क्रीनिंग और प्रबंधन किया जाएगा। इसके अलावा, एनीमिया फॉलोअप जांच एवं विटामिन ए अनुपूरण भी किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाना है। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला स्तर से पुष्पेंद्र शुक्ला डीईआईएम और नरेंद्र पटेल डीसीएम उपस्थित रहे।

## पंचायत निर्वाचन के मतदाता सूची पुनरीक्षण करने रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जिन जनपद पंचायतों में सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के पद रिक्त है केवल उसी रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा आदेश जारी कर म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम-14 में उपनियम (2) एवं नियम 9 (2) के अन्तर्गत उक्त पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण किये जाने के लिए अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उनके सहयोग के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नियम 2 (ख) के अन्तर्गत अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत भितरी के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एस. पी. मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिहावल एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी प्रभारी तहसीलदार तहसील बहरी को नियुक्त किया गया है। साथ अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर जिला सीधी को नियुक्त किया गया है।

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की अधिकारिकता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सौपे गये पंचायत के लिये ही होगी। आवंटित ग्राम पंचायत के मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित प्रावधानों के अनुसार एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।

# मारपीट के आरोपी शासकीय शिक्षक सहित अन्य आरोपियों को 03-03 माह की सजा व जुर्माना

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी भूपेश पटेल पिता रामसजीवन पटेल, आयु-44 वर्ष, निवासी-ग्राम सिहावल, पुलिस चौकी सिहावल, थाना अमिलिया, जिला-सीधी म.प्र. ने पुलिस चौकी सिहावल में इस आशय की मौखिक सूचना दर्ज कराई कि दिनांक 12.07.2019 को समय दिन के लगभग 12:00 बजे वह अपने खेत की मेड़ चढ़ा रहा था। उसके खेत के बगल में अभियुक्त ऊषा पटेल एवं सियावती पटेल उनके खेत की मेड़ चढ़ा रही थी। अभियुक्त ऊषा पटेल ने उसके पुत्र अभियुक्त कमलेश उर्फ कलुआ को आवाज देते हुये कहा कि वह उनके खेत पर मेड़ चढ़ा रहा है। इतने में अभियुक्त कमलेश पटेल उसकी मां से कुदारी लेकर आया और उसे मां, बहन की अश्लील गालियां देते हुये सिर में मारा, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। उसी समय अभियुक्त रामनिहोर पटेल भी आकर हाथ, मुक्कों से मारपीट करने लगा एवं अभियुक्त ऊषा पटेल एवं सियावती पटेल ने उसे पकड़ लिया तथा अभियुक्त कमलेश एवं रामनिहोर हाथ मुक्को से मारने लगे। हल्ला गोहार करने पर अवधेश पटेल एवं आनंद पटेल ने आकर बीच-बचाव किया। अभियुक्तगण ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी थी। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस चौकी सिहावल में देहाती नालसी अपराध क्रमांक 87/2019, धारा 294, 323,506, 34 भारतीय दण्ड संहिता की प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई, जिस पर थाना अमिलिया में अपराध क्रमांक 261/2019 अंतर्गत धारा 294, 324 विकल्प में 324/34, 506 भाग-2 भादवि पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र माननीय न्याकयालय सीधी के समक्ष प्रस्तु,त किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 527/2019 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्व्ामी के द्वारा अभियुक्त कमलेश उर्फ कलुआ पटेल पिता रामनिहोर पटेल, आयु-30 वर्ष, व्यवसाय-शासकीय नौकरी (शिक्षक) को भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 324 तथा शेष अभियुक्तगण 2. रामनिहोर पटेल पिता फूलेल प्रसाद पटेल, आयु-51 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, 3. ऊषा पटेल पति रामनिहोर पटेल, आयु-50 वर्ष,व्यवसाय-गृहकार्य, एवं 4. सियावती पटेल पिता स्व. राममनोरथ पटेल, आयु- 40 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, सभी निवासीगण-ग्राम सिहावल, थाना-अमिलिया, जिला-सीधी, म.प्र. को भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 324/34 के अंतर्गत 03-03 माह ( तीन-तीन माह) का सश्रम कारावास तथा 1,000-1,000/- रू. (एक-एक हजार रुपये मात्र) के अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदंड की संपूर्ण राशि 4,000/-रुपये (चार हजार रुपये मात्र) प्रतिकर स्वरूप फरियादी भूपेश पटेल को अपील अवधि पश्चात् अपील न होने की दशा में प्रदान किये जाने का आदेश पारित किया गया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज को याद कर शिवसैनिकों ने मनाई जयंती

**सीधी।** शिवसेना जिला इकाई द्वारा नगर कार्यालय में हिंदू ह्रदय सम्राट युवा दिलों की धडक़न छत्रपति शिवाजी महाराज को याद करते हुए जन्म जयंती मनाई गई। जहां शिवसेना जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले ने वीर शिवाजी महाराज को याद कर कहा की आज शिवाजी महाराज को याद कर हम शिव सैनिकों ने 395वें जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाएं। जहां युवा दिलों की धडक़न छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरगाथाओं के बारे में अगर कहें तो शब्द कम पड़ जाते हैं। शिवाजी महाराज बचपन से ही एक महान योद्धा रहे हैं। जिस प्रकार से शिवाजी महाराज ने मुगलों से लोहा लिया व



मुगलों की बड़ी संख्या वाली एक सेना को गोरिल्ला छाप लड़ाई लडक़र शिवाजी महाराज ने जो वीरता दिखाई यह हम आने वाली युवा पीढियों के लिए एक बड़ी सीख है कि समाज व्यवस्था परिवर्तन के लिए कभी भी अपने आप को यह कमजोर ना समझे कि हम संख्या में काम है तो कुछ नहीं कर सकते समाज राष्ट्र धर्म व्यवस्था के लिए हम एक से अनेक बनकर शिवाजी महाराज के पद चिन्हों पर चलकर प्राकृतिक सामाजिक धार्मिक व्यवस्था के लिए आनेको कार्य कर सकते हैं, बस लगन की आवश्यकता है। आज शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हुए युवाओं से यही कहना चाहूंगा कि जयंती तो हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है लेकिन उनके पद चिन्हों पर चलकर अपने राष्ट्र धर्म के लिए कुछ कर गुजरे वही सबसे बड़ा जन्म जयंती शिवाजी महाराज का होगा। शिवाजी महाराज का सदैव से स्वराज सपना रहा है। ऐसे महापुरुषों के चरणों में हम शिव सैनिकों का शत-शत नमन है। इस दौरान प्रमुख रूप से संभाग उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा, संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना, युवा सीधी विधानसभा अध्यक्ष रोहित राठौर, युवा कोषाध्यक्ष लाल वर्मा, आनंद साहू, भगवान प्रसाद साहू सहित कई शिव सैनिक मौजूद रहे।

## नगर परिषद सीएमओ ने किया पद ग्रहण

**सीधी।** नगर परिषद चुरहट में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम अवतार पटेल ने चुरहट नगर परिषद में पद भार ग्रहण कर लिया है। ज्ञात रहे इसके पूर्व में भी 3 साल पहले चुरहट नगर पंचायत में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सीएमओ रामावतार पटेल के आने से कर्मचारियों एवं आमजन नागरिक में काफी खुशी की लहर देखी जा रही है। पूर्व में इन प्रभारी सीएमओ का कार्यकाल काफी संतोष प्रद था। फिर से आने के बाद उनसे पूंछा गया कि इस बार आपका इस परिषद के प्रति क्या रुख रहेगा। इस पर उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हमारे जितने कर्मचारी हैं उनके द्वारा आम जनता के विकास कार्यों में विशेष कार्य हो हम लोगों के शासन के द्वारा नियुक्ति की जाती है, जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समस्त परिषद के पार्षद उन सभी लोगों के साथ एक बैठक बुलाकर चुरहट के हर विकास कार्यों में चाहे स्वच्छता हो या नाली रोड सड़क या अन्य विकास जो भी हो सभी विकास कार्यों को पूरा करने का हम प्रयास करेंगे यही हमारा उद्देश्य है।

# जिले के 1655 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु मिलेंगे पचीस हजार रुपये

**सीधी।** कक्षा 12 वी में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के मुख्यमंत्री लैपटॉप योजना अंतर्गत लैपटॉप क्रय करने हेतु पचीस हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। सीधी जिले के 1655 विद्यार्थियों के बैंक खाते में 21 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उनके बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम 21 फरवरी को नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आयोजित होगा। सीधी जिले से दो विद्यार्थी सुहानी पाठक और सहारा तिवारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पीएल मिश्रा के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा पात्र सभी 1655 विद्यार्थियों के बैंक खाता शिक्षा पोर्टल पर अपडेट किए जा चुके हैं। पात्र विद्यार्थी शिक्षा पोर्टल में अपने खाते की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# एसडीएम लिंक कोर्ट रामपुर नैकिन से परेशान हैं काश्तकार

## हप्ते में दो दिन भी रामपुर नैकिन में नहीं बैठ पाते एसडीएम

**सीधी।** जिले के अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय चुरहट के अधीन एसडीएम कोर्ट रामपुर नैकिन को किया गया है। जहां हप्ते में दो दिन बुधवार व शुक्रवार को चुरहट एसडीएम को रामपुर नैकिन एसडीएम कोर्ट में बैठने का नियम बनाया गया था। रामपुर नैकिन तहसील में गांवों की संख्या एवं कास्तकारों की संख्या को देखते हुए यदि प्रति दिन भी एसडीएम रामपुर नैकिन में बैठें तब भी न्यायालयीन प्रक्रिया में तेजी नहीं आ सकती। आए दिन मामलों की बढ़ोत्तरी के चलते पुराने मामलों पर नजर नहीं जा पा रही है। विभागीय कार्यों में उलझे रहने के कारण एसडीएम हप्ते में दो दिन रामपुर नैकिन एसडीएम कोर्ट में चाह कर भी समय नहीं दे पाते। जिसके कारण कास्तकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है और रीडर से पेशी लेकर निराश होकर घर वापस लौट जाते हैं। एसडीएम की व्यस्तता का सारा फायदा रीडर उठा रहे हैं। व्यक्तिगत मामलों में अधिवक्ता रीडर पर चढ़े रहते हैं। जिसके कारण उनकी फाइलें एसडीएम तक पहुंच जाती हैं किंतु मध्य प्रदेश शासन की भूमि व अवैध अतिक्रमण से जुड़े मामले एसडीएम के संज्ञान तक नहीं आते। जिसके चलते शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही न के बराबर है। जबकि शासकीय भूमियों पर निरंतर अवैध अतिक्रमण हो रहे हैं। जिसकी शिकायत भी एसडीएम से की जाती है। मामले भी एसडीएम कोर्ट में चल रहे हैं लेकिन शासकीय भूमि को बचाने में व सुरक्षित रखने में एसडीएम पूरी तरह से फेल होते नजर आ रहे हैं।



### एसडीएम कोर्ट रामपुर नैकिन में रीडर का दबदबा

रामपुर नैकिन एसडीएम कोर्ट में हप्ते में दो दिन एसडीएम के बैठने का दिन तय है। किंतु विभागीय कार्यों में व्यस्त रहने के कारण एसडीएम अक्सर हप्ते में एक दिन ही एसडीएम कोर्ट में बैठ पाते हैं। एसडीएम कोर्ट का पूरा संचालन रीडर एवं लिपिकों द्वारा किया जा रहा है। एसडीएम के नाम पर रीडर के द्वारा कास्तकारों से काफी सुविधा शुल्क वसूली जाती है। जिन राजस्व प्रकरणों में रीडर को सुविधा शुल्क मिल जाती है उन प्रकरणों को रीडर द्वारा निराकरण कराने का हर संभव प्रयास किया जाता है किंतु ऐसे कास्तकार जिनका रीडर से कोई संबंध नहीं है अथवा जो सुविधा शुल्क नहीं दे सकते उनकी फाइनें दबी रह जाती हैं। एसडीएम तक नहीं पहुंच पाती। शासकीय भूमि में अवैध अतिक्रमण के जो भी मामले चल रहे हैं उसमें अतिक्रमणकर्ता रीडर को काफी सुविधा शुल्क मुहैया कराकर अतिक्रमण हटाने के प्रकरण को दबवा देता है। जिसके कारण चाह कर भी एसडीएम अवैध अतिक्रमणकर्ताओं पर कार्यवाही नहीं कर पाते। रीडर के कारण एसडीएम कार्यालय रामपुर नैकिन बदमानी का दंश झेल रहा है।

### इनका कहना है

हप्ते में दो दिन बुधवार व शुक्रवार को रामपुर नैकिन एसडीएम कोर्ट का संचालन होता है। मैं स्वयं हप्ते में दो दिन रामपुर नैकिन में बैठकर किसानों और कास्तकारों की समस्याओं का समाधान करता हूं। रीडर के द्वारा यदि ऐसा कुछ किया जाता है तो उस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा।

**सैलेश द्विवेदी, एसडीएम चुरहट**

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)**
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 1969 / खनिज / 2025 — सीधी, दिनांक 17/01/2025

// प्रथम सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री वृजेन्द्र कुमार गुप्ता, पिता श्री छेदीलाल गुप्ता, निवासी ग्राम–लच्छीपुर, जिला–प्रतापगढ़ (उ0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 15.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनाँक 23/02/2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | मझौली | करमाई | 1979,1980,1981, 1982, 1983,1988, 1989,1990, 1991, 1992, 1993, 1994, 1995, 1996, 1997, 1998, 2002, 2003, 2007, 2042 एवं 2006 | 04.00 हे0 | निज | मार्बल | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनाँक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र द्वारा तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि मे अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष मे नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार मे नही लिया जायेगा।

खनिज अधिकारी
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी-23240/24

संक्षिप्त समाचार

## पंजाब के फरीदकोट में बस नाले में गिरी, पांच यात्रियों की मौत



**फरीदकोट, एजेंसी।** पंजाब के फरीदकोट जिले में मंगलवार की सुबह एक निजी बस के नाले में गिर जाने से एक महिला कम से कम पांच यात्रियों की मौत हो गई और 24 से अधिक यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हादसा फरीदकोट-कोटकपूरा मार्ग पर सुबह करीब आठ बजे हुआ जब 36 यात्रियों को लेकर बस मुक्तसर से अमृतसर जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि एक ट्रक से टकराने के बाद बस 10 फुट ऊंचे पुल से नाले में गिर गई। फरीदकोट की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया कि घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में से चार मुक्तसर जिले के निवासी थे। उन्होंने बताया कि 26 यात्रियों को फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से दो को अमृतसर के दूसरे अस्पताल में भेज दिया गया, उनमें से एक ने दुर्घटना में अपना एक हाथ गंवा दिया। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान अस्पताल पहुंचे और घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

## जम्मू-कश्मीर: ड्रग्स तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक ड्रग्स तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है. इस मामले में दो तस्कर पकड़े गए हैं. इनके पास से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं. पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर सरगना का पता लगाने में जुटी है. नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग में दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है. एसडीपीओ पहलगाम की देखरेख में ऐशमुकाम पुलिस पार्टी ने ब्रैड ऐशमुकाम में नाका लगाया. सभी संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी. इस दौरान दो लोग संदिग्ध नजर आए. शक होने पर इनकी तलाशी ली गई. इनके पास से 7.2 किलोग्राम गांजा की भूसी और 256 ग्राम गांजा पाउडर जैसा पदार्थ बरामद किया गया. इसके बारे में पूछताछ करने में उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया. पुलिस ने तुरंत दोनों को हिरासत में ले लिया साथ ही ड्रग्स को जब्त कर लिया. पकड़े गए आरोपियों की पहचान फारूक अहमद लोन और जफर अहमद भट के रूप में हुई. इस मामले में पुलिस स्टेशन ऐशमुकाम में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई. एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अनंतनाग जिले में ड्रग्स के धंधे ने हमारे समुदाय को नुकसान और अंततः अपराधीकरण के जोखिम में डाल दिया है. ड्रग्स तस्करों के खिलाफ हमारी कार्रवाई का उद्देश्य समाज को ड्रग्स फ्री बनाना है. उन्हें अपने पड़ोस में ड्रग्स तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी के साथ आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

## देशभर के लोको पायलटों का ऐलान- 20 फरवरी से करेंगे हड़ताल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे के लोको पायलटों ने 20 फरवरी से 36 घंटे की भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान किया है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने इस बात की पुष्टि की है। एआईएलआरएसए ने रेल मंत्रालय को इस संबंध में एक चिट्ठी लिख कर कहा है कि अधिकारियों ने अभी तक संसदीय समिति की उस सिफारिश को नहीं माना है जिसमें लोको पायलटों के काम के लिए 8 घंटे की शिफ्ट निर्धारित की गई है। एसोसिएशन ने कहा कि लोको पायलटों को लगातार 11 घंटे तक काम करना पड़ता है जो उनके लिए सेहत पर भी असर डालता है। रेल मंत्रालय की तरफ से इस मामले में अब तक कोई जवाब नहीं आया है। एसोसिएशन ने यह भी कहा है कि लोको पायलटों, खासकर मालगाड़ियों का संचालन करने वाले पायलटों को अक्सर 12 से 20 घंटे तक लगातार काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। वहीं एक अधिकारी ने इस मामले पर बातचीत करते हुए बताया, नियमों के मुताबिक लोको पायलट आठ घंटे काम करते हैं। उनकी ड्यूटी केवल असाधारण परिस्थितियों में ही बढ़ाई जाती है। एसोसिएशन ने यह आरोप भी लगाए है कि चालक दल के सदस्यों की नींद आने की वजह से कई बार दुर्घटना भी हुई है लेकिन अधिकारी लोको पायलटों को लगातार रात की शिफ्ट में ड्यूटी पर रखते हैं। चिट्ठी में बताया गया है कि नियमों के मुताबिक अन्य सभी रेलवे कर्मचारियों को एक बार में सिर्फ एक रात की शिफ्ट दी जाती है। सभी रेलवे कर्मचारियों को रोजाना 16 घंटे के आराम के अलावा 30 घंटे का साप्ताहिक अवकाश का अधिकार है। जहां अधिकांश रेलवे कर्मचारियों को 40 से 64 घंटे का साप्ताहिक अवकाश दिया जाता है वहीं लोको पायलटों को सिर्फ 30 घंटे मिलते हैं। एसोसिएशन ने बताया है कि जुलाई 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंत्री के सामने उनकी शिकायतें रखी थीं।

# विदेशी नौकरी छोड़कर लौटे गांव, शुरू की गौशाला, आज 180 रुपये लीटर बेचते हैं दूध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी यूरोप व अमेरिका में शानदार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी करने वाले असीम रावत ने ऐसा कदम उठाया, जो हिम्मत और जुनून की मिसाल बन गया. दिल्ली से सटे गाजियाबाद के सिकंदरपुर गांव के रहने वाले असीम रावत ने नौकरी छोड़कर अपने गांव में हेता नाम से गाय पालन शुरू की, और कुछ ही साल के अंदर 6 से 8 करोड़ रुपये की टर्नओवर वाली कंपनी खड़ी कर दी. सबसे खास बात यह रही कि उनके गौवशाला में सिर्फ भारतीय नस्ल की गायों को ही पाला जाता है. यहां एथिकल मिल्किंग का पालन होता है.

असीम रावत सिर्फ डेयरी तक सीमित नहीं रहे, बल्कि जैविक खेती, पंचगव्य औषधियां और 131 तरह के प्राकृतिक उत्पाद भी बना रहे हैं. इन उत्पादों को लोग खरीद रहे हैं. उनकी इस पहल से 110 लोगों को सीधे रोजगार भी मिला है. उनकी इस मेहनत को 2018 में गोपाल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया. आइए जानते हैं असीम रावत ने यह कैसे शुरू किया.. असीम रावत बताते हैं कि उनका बचपन एक मिडिल-क्लास परिवार में बीता. फिर भी साफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढाई कर 14 साल तक विदेश में नौकरी की और अच्छे पैसे कमाए, लेकिन उनका मन अशांत था. उन्हें लगने लगा कि पैसा ही सब कुछ नहीं, बल्कि जीवन का एक उद्देश्य भी होना चाहिए. उन्होंने एक दिन एक कार्यक्रम में सुना कि देसी गायों से डेयरी व्यवसाय संभव नहीं है. यह बात उनके मन को चुभ रही थी. क्योंकि बचपन से सुनते आए थे कि गाय लक्ष्मी होती है, समृद्धि का स्रोत होती है. ऐसे में उन्होंने सोचा कि क्यों न एक ऐसा मॉडल तैयार किया जाए, जिसमें देसी गायों का संरक्षण हो, बिना किसी दान के, पूरी तरह आत्मनिर्भर और प्रॉफिटेबल तरीके से उस मॉडल को चलाया जा सकता हो. बस इसी विजन लेकर उनकी यात्रा शुरू हुई.

असीम रावत का कहना है कि उन्होंने माता-पिता को अपने इस फैसले के बारे में बताया, तो पूरा परिवार चिंतित हो गया. एक शानदार करियर छोड़कर गांव में गौशाला खोलना परिवार को एक असंभव सपना लगा. वह कहते हैं कि जब इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो रास्ते खुद-ब-खुद बनते चले जाते हैं और परिवार भी मान जाता है. असीम रावत ने सिर्फ दो गायों से अपना संघर्ष शुरू किया. उन्होने बताया कि शुरू में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिसमें समाज की आलोचना, आर्थिक संघर्ष और गौशाला संचालन की बारीकियां आदि थीं. लेकिन धीरे-धीरे लोग साथ जुड़ते गए. गौशाला में अब एक हजार से अधिक गायें हैं. गायों से मिलने वाले तत्व से 131 तरह के उत्पाद बना रहे हैं. इसमें दूध, दही, घी, मूत्र और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर शामिल हैं. सिर्फ भारतीय नस्ल की गायों पर फोकसः असीम रावत अपनी गौशाला में सिर्फ भारतीय नस्ल की गायों को ही पालते हैं. इन गायों में गिर, साहीवाल, थारपारकर और हिमालय बद्री हैं. उनका मानना है कि विदेशी नस्ल की गायों में जर्सी, ब्राउन स्विस गायें भारतीय जलवायु के अनुकूल नहीं हैं. उनके दूध में ए1 प्रोटीन पाया जाता है, थोड़ा बहुत ए2 टाइप प्रोटीन भी पाया जाता है. ए1 प्रोटीन कई बीमारियों का कारण बन सकता है. जबकि भारतीय नस्ल की गायों के दूध में ए2 टाइप प्रोटीन पाया जाता है, जो बहुत ही स्वास्थ्यवर्धक होता है. न्यूजीलैंड के एक साइंटिस्ट ने इसपर काफी रिसर्च की थी. रिसर्च के बाद उन्होंने अपनी किताब में लिखा कि ए1 टाइप के दूध का संबंध कई तरह की बीमारियों से होता है, जिसमें डायबटीज एक प्रमुख बीमारी है. , एथिकल मिल्किंग और जैविक खेतीः असीम रावत की हेथा गौशाला में एथिकल मिल्किंग का पालन होता है. इसका मतलब ये होता है कि गाय के आधे दूध को बछड़े के लिए छोड़ा जाता है और सिर्फ दो थनों से ही दूध निकाला जाता है. जिससे गाय के बच्चे स्वस्थ रह सके. इसके अलावा उनकी संस्था जैविक खेती भी कर रही है. गोबर और गोमूत्र का उपयोग ऑर्गेनिक खाद और दवाइयां बनाने में किया जाता है, जिससे किसानों को भी फायदा मिलता है. असीम रावत के डेयरी प्रोडक्ट्स की कीमतें आम डेयरी उत्पादों से काफी महंगा हैं. उनके डेयरी में दूध की कीमत 180 रुपये प्रति लीटर और घी 4000 रुपये प्रति लीटर तक बिकता है।

## हरियाणा में कांग्रेस को नया झटका, निकाय चुनाव से पहले छोड़ गए 50 नेता; मनाने पर भी नहीं माने



**करनाल, एजेंसी।** हरियाणा में 2 मार्च को निकाय चुनाव होने हैं और उससे पहले करनाल में कांग्रेस को करारा झटका लगा है। कांग्रेस के करीब 50 नेताओं ने भाजपा जॉइन कर ली है। इस दौरान चीफ मिनिस्टर नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद थे। भाजपा से जुड़ने वाले नेताओं में हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरपर्सन त्रिलोचन सिंह, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक खुराना, करनाल नगर निगम के पूर्व चेयरपर्सन बलविंदर कालरा शामिल थे। इसके अलावा आप लीडर संजय बिंदल, कांग्रेस के ओबीसी सेल के जिलाध्यक्ष संजय चंदेल के अलावा कई पूर्व पार्षदों ने भी भाजपा जॉइन कर ली। कांग्रेस नेता निट्ठू मान ने भी भाजपा जॉइन कर ली।

करनाल सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है और कांग्रेस के कुछ और नेताओं के आने से पार्टी मजबूत होगी। यहां से भाजपा ने रेनू बाला गुप्ता को मेयर कैंडिडेट बनाया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा, मैं भाजपा के नेताओं का स्वागत करता हूं। आप लोगों के समर्थन से हमारी ताकत बढ़ेगी और हम पूरे समर्पण के साथ जनता की सेवा कर सकेंगे। इन नेताओं के कांग्रेस छोड़ने के बाद से पार्टी में हलचल तेज है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वाधवा को मेयर प्रत्याशी बनाए जाने से लोगों में निराशा है। पार्टी के लोग उन्हें पसंद नहीं करते हैं और इसके चलते उन्होंने इस्तीफा दिया है। कांग्रेस छोड़ने की खबरों के बाद पार्टी के नेताओं ने बागियों से मुलाकात भी की। कई नेताओं के यहां खुद मेयर कैंडिडेट मनोज वाधवा पहुंचे और मनाने की कोशिश की।

## कर्नाटक सरकार जल्द लागू करेगी जाति जनगणना रिपोर्ट : मुख्यमंत्री सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार सामाजिक-आर्थिक सर्वे रिपोर्ट को लागू करेगी. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार जातीय जनगणना की रिपोर्ट को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने पिछड़े समुदायों और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व बैठक में कहा कि किसी को भी इस पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए. सिद्धारमैया ने कहा कि गरीबों, शोषित वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाना उनकी सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है. सीएम ने मंगलवार को कहा, उनकी सरकार जाति जनगणना के नाम से प्रचलित सामाजिक-आर्थिक सर्वे रिपोर्ट को लागू करेगी और किसी को इसके लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए. सिद्धारमैया ने कहा, हमारी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रस्तुत जाति जनगणना रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है और इसे आने वाले दिनों में लागू किया जाएगा मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदायों के सदस्यों द्वारा जाति जनगणना रिपोर्ट को लागू करने की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जाति जनगणना वैज्ञानिक तरीके से की गई है. इससे हमें सभी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने और उसके अनुसार कार्यक्रम शुरू करने में मदद मिलेगी।

# बेंगलुरु में पीने के पानी से वाहन धोना पड़ेगा भारी, बागवानी भी नहीं कर सकेंगे लोग, नियम तोड़ने पर लगेगा जुर्माना

**बेंगलुरु, एजेंसी।** गर्मी का मौसम आने और पानी की कमी की बढ़ती चिंताओं के बीच बेंगलुरू जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड ने पीने योग्य पानी के इस्तेमाल पर सख्त प्रतिबंध लगा दिए हैं. पीने के पानी का इस्तेमाल अब गैर-जरूरी कामों जैसे कि वाहन धोने, बागवानी, निर्माण, फव्वारे और सड़क की सफाई के लिए नहीं किया जा सकेगा.वहीं, उल्लंघन करने वालों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा. साथ ही बार-बार उल्लंघन करने वालों से 500 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त जुर्माना वसूला जाएगा. बेंगलुरू जल आपूर्ति और सीवरेज अधिनियम, 1964 की धारा 33 और 34 के तहत जारी किए गए निर्देश का उद्देश्य बर्बादी को रोकना और सूखे महीनों के दौरान पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना है. बीडब्ल्यूएसएसबी के अध्यक्ष राम प्रसाद मनोहर ने जल संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और निवासियों से बोरवेल के पानी के बजाय कावेरी जल कनेक्शन का उपयोग करने का आग्रह किया, खासकर उन क्षेत्रों में जहां भूजल की गंभीर कमी है. बता दें कि बेंगलुरु में भूजल स्तर खतरनाक दर से घट रहा है, खासकर महादेवपुरा और व्हाइटफील्ड जैसे बाहरी इलाकों में. ब्व्ब्सस्क्र के अध्यक्ष ने कहा, हमें आने वाले महीनों में गंभीर संकट से बचने के लिए निवासियों को कावेरी जल का उपयोग करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि 1.4 करोड़ से अधिक की



आबादी वाले बेंगलुरु में पानी की कमी बढ़ती जा रही है. राम प्रसाद मनोहर ने बताया कि बीडब्ल्यूएसएसबी और भारतीय विज्ञान संस्थान द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन में 198 में से 80 वार्डों की पहचान की गई है, जहां पानी की कमी का जोखिम अधिक है. इसे संबोधित करने के लिए, कर्नाटक सरकार ने अपार्टमेंट परिसरों के लिए कावेरी जल कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया है. हालांकि, इंस्लेशन कोस्ट कुछ निवासियों के लिए एक चुनौती बनी हुई है. कावेरी जल आपूर्ति योजना, जो वर्तमान में 1,440 एमएलडी की कुल क्षमता के साथ चार चरणों में चल रही है. उसको पांचवे चरण के पूरा होने के साथ विस्तारित किया गया है. जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के साथ साझेदारी में वित्त पोषित 4,336 करोड़ रुपये की यह परियोजना, बेंगलुरु के बाहरी इलाकों में 110 गांवों को अतिरिक्त 775 एमएलडी उपचारित पानी उपलब्ध कराएगी. इसके बावजूद, पानी की कमी बनी हुई है, शहर में हजारों बोरवेल सूख रहे हैं और कई अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स महंगे निजी टैंकरों पर निर्भर हैं, जो प्रति लोड 1,500 रुपये से 6,000 रुपये के बीच चार्ज करते हैं. जल संसाधनों के और अधिक दोहन को रोकने के लिए, बीडब्ल्यूएसएसबी ने टैंकर के पानी के लिए निश्चित मूल्य निर्धारित किया है।

# उदयनिधि ने केंद्र को दी चेतावनी, कहा- तमिनलाडु पर हिंदी थोपने की कोशिश ना करें

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के डिप्टी सीएम और डीएमके यूथ विंग लीडर उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि तमिलनाडु एक और भाषा युद्ध शुरू करने में संकोच नहीं करेगा यदि फासीवादी भाजपा सरकार ने तमिलों की भावनाओं को सुनने से इनकार कर दिया.

उन्होंने एक प्रदर्शन के दौरान कहा कि 1938 के हिंदी विरोधी आंदोलन में, दो तमिलों ने अपने जीवन का बलिदान दिया. 1965 में सैकड़ों युवाओं ने अपना जीवन निर्धारित किया. अब, हम 2025 में हैं. यदि हिंदी हम पर लादा लगाया जाता है, तो सौ नहीं, लेकिन हजारों युवा तमिल और हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान करने के लिए तैयार हैं. बीजेपी सरकार के राज्य को राज्य को धन आवंटित करने से इनकार करने के लिए डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा आयोजित, विशेष रूप से सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के लिए. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में राष्ट्रीय



शिक्षा नीति को स्वीकार करने के लिए राज्य के इनकार के साथ एसएसए के तहत आवंटन को रोकने की बात कही. क्योंकि एसएसए तीन-भाषा के सूत्र का समर्थन करता है. प्रधान के तर्क पर प्रतिक्रिया देते हुए कि अन्य सभी राज्यों ने एनईपी को स्वीकार कर लिया था. उदायनिधि ने कहा कि कई राज्यों की भाषाओं को अपने लोगों को हिंदी और अंग्रेजी सीखने के बाद तीसरे स्थान पर ले जाया गया है. उन्होंने कहा कि हिंदी ने उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा सहित कई राज्यों की मूल भाषाओं को नष्ट कर दिया. अगर हम हिंदी स्वीकार करते हैं, तो हम तमिल खो देंगे. उन्होंने कहा कि डीएमके सरकार गुलाम नहीं है जो भाजपा से धन प्राप्त करने के लिए पिछले एआईएडीएमके शासन की तरह बिंदीदार लाइनों पर हस्ताक्षर करेगी. उन्होंने आगे भाजपा सरकार पर हिंदी को थोपने के द्वारा अनूठी संस्कृति और इतिहास को नष्ट करने की मांग करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि दुनिया भर में काम करने वाले महान सॉफ्टवेयर इंजीनियर, और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के महान वैज्ञानिक सरकारी स्कूलों के छात्र थे, जिन्होंने दो भाषा की नीति का पालन किया. वीसीके नेता थोल थिरुमावलावन ने कहा कि यह अजीब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह गुजराती अपनी मातृभाषा होने के बावजूद ब्राह्मणों की भाषा संस्कृत को बढ़ावा दे रहे है.

# तेलंगाना: हत्या मामले में कोर्ट ने 17 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**नलगोंडा, एजेंसी।** तेलंगाना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विशेष मामलों की सुनवाई करने वाली नलगोंडा की द्वितीय अतिरिक्त जिला सत्र अदालत ने मंगलवार को अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में 17 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. इस अदालत के इतिहास में यह पहली बार है कि एक साथ इतने लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. न्यायाधीश रोजा रमानी ने अजीमपेट के बत्ता लिंगय्या की निर्मम हत्या के मामले में 17 आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनायी है. साथ ही प्रत्येक दोषी पर 6000 रुपये का जुर्माना भी लगाया. जिन दोषियों के खिलाफ सजा सुनायी गई है उनमें पंडित रामास्वामी, पंडित शैलू, पंडित रामुलु, पंडित मल्लेश, बंदगोर्ला वलराज, पंडित यदय्या, जक्कुला रमेश, पंडित श्रीकांत, पंडित सतीश, पंडित नरसय्या, पंडित सत्यनारायण, बंदगोर्ला नागम्मा, पंडित श्रीनू, पंडित मल्लय्या, पंडित लिंगय्या, जक्कुला लच्छय्या और पोलाबोयना लिंगय्या शामिल है. सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं. अभियोजन पक्ष के अनुसार बत्ता लिंगय्या अजीमपेट के पंडित राजमल्लू की हत्या के मामले में आरोपी था. दशहरा के अवसर पर 30 सितंबर, 2017 की शाम को लिंगय्या अजीमपेट में



अपने गांव के बाहर आयोजित जम्मी पूजा में भाग लेने के बाद घर लौट रहे था. उस समय पंडित राजमल्लू के बेटे रामास्वामी अन्य आरोपियों के साथ वहां पहुंचे. तत्कालीन सरपंच पोलेबॉय लिंगय्या के उकसावे पर सभी ने जाति के नाम पर बत्ता लिंगय्या को अपमानित किया और पत्थरों और डंडों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी. एक आरोपी जक्कुला भिक्षामैया की मौत हो गई, जबकि आरोप सिद्ध होने पर कोर्ट ने शेष 17 लोगों को दोषी करार दिया. हत्या के अपराध में आजीवन कारावास व जुर्माना ठोका है. अलग-अलग मामलों में भी सजा सुनायी गई।

# न्याय सुनिश्चित करने के लिए टेकनोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें: अमित शाह

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में कमी और सुरक्षा में सुधार को रेखांकित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर सरकार नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और नए आपराधिक कानूनों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा. जम्मू-कश्मीर में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में कमी और सुरक्षा में सुधार के जरिए पुलिस को अब अपने नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए. शाह ने कहा कि नए कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए पुलिस कर्मियों और प्रशासन के रवैये में बदलाव लाना और नागरिकों में नए कानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि नए कानूनों के प्रावधानों के संबंध में जांच अधिकारियों को शत-प्रतिशत प्रशिक्षण जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाना चाहिए.

**अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत :** शाह ने आरोप पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया



में तेजी लाने के लिए पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत पर जोर दिया. उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के हर पुलिस थाने को नेशनल ऑटोमैटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए.

**बैठक में कौन-कौन हुआ शामिल**

नॉर्थ ब्लॉक में हुई इस बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी शामिल हुए. इनके अलावा बैठक में जम्मू-कश्मीर में पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई. बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के महानिदेशक, गृह मंत्रालय और यूटी प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए.

**टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें :** बैठक में चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों को अप्रैल 2025 तक जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह से लागू करने को कहा. उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत तुरंत न्याय सुनिश्चित करने के लिए टेक्नोलॉजी का जमकर इस्तेमाल किया जाना चाहिए. शाह ने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित प्रावधानों पर पुलिस अधीक्षक स्तर पर गहन जांच के बाद ही निर्णय लिया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत इन प्रावधानों का दुरुपयोग न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता है. उन्होंने आगे कहा, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सरकार ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की दिशा में संतोषजनक काम किया है.

## शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में करेंगे डेब्यू, एसेक्स के लिए खेलेंगे सात मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में अपना पहला अनुभव हासिल करने के लिए तैयार हैं। 33 वर्षीय ठाकुर को 2025-26 काउंटी चैम्पियनशिप सीज़न के शुरुआती भाग में एसेक्स के लिए सात मैचों के अनुबंध पर साइन किया गया है। शार्दुल ठाकुर ने अपने इस नए सफर को लेकर उत्साह



व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं इस गर्मी में एसेक्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। यह मेरे लिए नई चुनौतियाँ और अवसर लेकर आएगा। काउंटी क्रिकेट हमेशा से मेरे लिए एक सपना रहा है और मैं ईगल्स का प्रतिनिधित्व करने को लेकर रोमांचित हूं।' 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ठाकुर भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। वह आखिरी बार 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के लिए खेले थे।

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मुकाबला आज

## बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी रोहित ब्रिगेड



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो चुकी है। टीम इंडिया का पहला मैच आज यानी 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ है। इस मैच में टीम इंडिया का पलड़ा बांग्लादेश के ऊपर थोड़ा भारी नजर आता है, लेकिन पिछले 5 मैचों का रिकॉर्ड अगर देखें तो बांग्लादेश की टीम भारत पर भारी पड़ी है। बांग्लादेश की टीम में 5 ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं जिनसे टीम इंडिया को बचकर रहने की जरूरत है।



चैंपियंस ट्रॉफी का ये दूसरा मुकाबला होगा जो भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। इस मैच का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा।

टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच आज तक चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सिर्फ एक ही मुकाबला हुआ है। वो मैच 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में हुआ था। उस दौरान टूर्नामेंट का आयोजन इंग्लैंड में हुआ था और भारत-बांग्लादेश की भिड़ंत बर्मिंघम में हुई थी। उस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 265 रनों का टारगेट दिया था। टीम इंडिया की तरफ से रोहित शर्मा की 123 रनों की पारी और विराट कोहली की नाबाद 96 रनों की बदौलत भारत ने उस मुकाबले को आसानी से जीत लिया था। आइए अब जान लेते हैं इस बार इन दोनों टीमों के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में होने वाले मैच की पिच रिपोर्ट।

भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मैच दुबई स्थित दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान और यूएई संयुक्त रूप से कर रहे हैं क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। भारत अपने सभी मैच यूएई में खेलेगा।



## श्याम लाल मेमोरियल महिला हॉकी टूर्नामेंट का खिताब

# दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने जीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट के महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में एलुमना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 2-1 से मात दी।

श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में विजेता टीम के लिए दोनों गोल अक्षिता ने दागे, जबकि पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल सोमवती ने किया। शानदार खेल के लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की अक्षिता को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि मनिता को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक एवं भाजपा नेता जितेंद्र महाजन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रवि नारायण कर, दिल्ली यूनिवर्सिटी की फिजिकल एजुकेशन विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता त्यागी, डीयूएससी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. सुशील कुमार, एम्यूनोथेरेपिस्ट डॉ. जमाल अनोनो खान और जाकिर हुसैन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र ने खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार वितरित किए। श्याम लाल कॉलेज की स्पोर्ट्स कमेटी के संयोजक वी.एस. जग्गी ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र महाजन ने कहा, मुझे खुशी है कि हमारी बेटियां पूरे जोश और उत्साह के साथ हॉकी टूर्नामेंट में उतरीं। कॉलेज को इस आयोजन के लिए बधाई। गौरतलब है कि मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने इस टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग का खिताब जीता। वहीं, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में जगह बनाई।

### पाकिस्तानी फैंस ने अपने ही खिलाड़ियों से फेरा मुंह

## खाली स्टेडियम में हुआ चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज



**नई दिल्ली।** तमाम पैंतरे, ताम-झाम और वाद-विवाद के बीच में चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया। पहले ओपनिंग सेरमनी को टाला गया उसके बाद स्टेडियम की जिस तरह की तस्वीर सांमने आई उससे एक बात तो साफ हो गई कि पाकिस्तान में टूर्नामेंट कराने से आईसीसी क्यों कतरा रही थी और जिस बात को डर था वो टूर्नामेंट के पहले दिन हो गया ।

लगभग 35 हजार दर्शको की क्षमता वाले कराची ने नेशनल स्टेडियम में बड़े जोश के साथ टीमें तो मैदान पर पहुंची पर मैदान पर पसरे सन्नाटे ने उनके जोश को ठंडा कर दिया. दोनों टीमों के कप्तान मिचेल सैंटनर और मोहम्मद रिजवान जब टॉस के लिए पिच पर पहुंचे तो ब्रॉडकास्टर का कैमरा गलती से स्टैंड की तरफ घूम गया और उसके बाद जो तस्वीर नजर आई उसको देखकर आईसीसी को भी करेंट लगा होगा।

वनडे क्रिकेट की गिरती लोकप्रियता को बचाने के लिए चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी संजीवनी के तौर पर देख रही थी और उम्मीद कर रही थी कि पाकिस्तान के दर्शक बड़ी तादाद में स्टेडियम पहुंचेंगे पर जो पहले मैच में नजर आया वो हैरान करने वाला था। स्टेडियम में सिर्फ 4-5 हजार दर्शक थे और

### कराची में लहरा रहा तिरंगा

### विवाद के बाद भारत की मांग मानने को तैयार पाकिस्तान

**दुबई।** ड्रामेबाज पाकिस्तान एक बार फिर भारत के आगे घुटनों पर है। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से ठीक पहले कराची के नेशनल स्टेडियम में भारतीय तिरंगा लहराता दिखा। इससे कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड



(पीसीबी) के एक हरकत ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया था। गद्दाफी स्टेडियम का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें भारत को छोड़कर सभी भाग लेने वाले देशों के झंडे स्टेडियम की छत पर दिख रहे थे। इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट संबंधों में एक नया विवाद खड़ा कर दिया।

पीसीबी ने बाद में सफाई दी कि यह आईसीसी का निर्देश था। बीसीसीआई ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि मेजबान देश में भारतीय झंडे को जगह मिलनी चाहिए थी।

# बांग्लादेश के खिलाफ इतिहास रच सकते हैं विराट कोहली

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से हो रहा है, लेकिन भारतीय टीम के लिए इस टूर्नामेंट की शुरुआत 20 फरवरी से होगी। टूर्नामेंट में टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के पास इतिहास रचने के मौका होगा।




दरअसल विराट कोहली का रिकॉर्ड वनडे में बांग्लादेश के खिलाफ काफी अच्छा रहा है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ इस फॉर्मेट में कुल 16 मैच खेले हैं। उन 16 पारियों में विराट के बल्ले से 75.83 की औसत और 101.78 की स्ट्राइक रेट से 910 रन निकले हैं। इस दौरान विराट ने पांच शतक और तीन अर्धशतक जड़े हैं। ऐसे में अगर वो बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 90 रन बना लेते हैं तो इस टीम के खिलाफ इस फॉर्मेट में 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम है, जिन्होंने इस टीम के खिलाफ 17 वनडे पारियों में 786 रन बनाए हैं।

वहीं ओवरऑल लिस्ट की बात करें तो वनडे फॉर्मेट में बांग्लादेश के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर के नाम है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 56 मैचों की 55 पारियों में 1508 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर श्रीलंका के पूर्व दिग्गज कुमार संगकारा (1206 रन) का नाम है। तीसरे नंबर पर जिम्बाब्वे के एल्टन चिगुंबरा (1199) हैं और चौथे नंबर पर उनके साथी खिलाड़ी हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा (1189) हैं। पांचवें नंबर पर श्रीलंका के पूर्व दिग्गज ओपनर सनथ जयसूर्या (1030), वहीं उसके बाद लिस्ट में पूर्व कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर (1010) का नाम है। अगर विराट अगले मैच में 90 रन बनाते हैं तो वो इस टीम के खिलाफ 1000 रन बनाने वाले सातवें बल्लेबाज बन जाएंगे।

विराट कोहली के हालिया फॉर्म की बात करें तो वो उतना अच्छा नहीं रहा है। वो हाल के दिनों में रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे।

## शुभमन गिल बने दुनिया के नंबर 1 ODI बल्लेबाज़

**नई दिल्ली.** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को जोरदार झटका लगा है. लंबे समय से आईसीसी वनडे रैंकिंग में चली आ रही उनकी बादशाहत अब खत्म हो चुकी है. बुधवार को जारी ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में



भारतीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल ने नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया. वनडे में नंबर एक की रैंकिंग हासिल करने वाले गिल भारत के महज चौथे भारतीय हैं.

शुभमन गिल बुधवार (19 फरवरी) को पाकिस्तानी स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ते हुए नए वर्ल्ड नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बन गए हैं. भारतीय ओपनर इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में जमकर रन बनाए जिसका फायदा आईसीसी रैंकिंग में उनको मिला है. पंजाब के 25 साल के बैटर के पास 796 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जो बाबर (773) से 23 अधिक हैं. यह दूसरी बार है जब गिल वनडे रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर पहुंचे हैं.

इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज में गिल ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया. गिल ने नागपुर में खेले गए पहले मैच में 96 गेंदों पर 87 रन बनाए थे. कटक में खेले गए दूसरे मैच में 52 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली थी. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीरीज के आखिरी मुकाबले में गिल ने धमाकेदार शतक जमाया था. इस दौरान उन्होंने 102 गेंदों का सामना किया और 14 चौके और तीन छक्के लगाए.

# जोकोविच की दोहा में पहले दौर में चौंकाने वाली हार



**दोहा।** पूर्व विश्व नंबर 1 सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच ने कतर ओपन, एटीपी 500 इवेंट में माटेओ बेरेटिनी से सीधे सेटों में हारने के बाद बहाने बनाने से परहेज किया और कहा कि इतालवी ने उन्हें मात देने के लिए मास्टर क्लास मैच खेला। इटालियन ने एटीपी 500 में तीसरे वरीय सर्ब को 7-6(4), 6-2 से हराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन किया और जनवरी 2023 के बाद से शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। यह हार अप्रैल 2022 के बाद से सर्ब की पहली शुरुआती दौर की हार थी। जोकोविच जनवरी में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल मुकाबले से सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।


जोकोविच ने कहा, ÷मुझे उस अर्थ में कोई दर्द या परेशानी नहीं हुई। आज मैं अपने से बेहतर खिलाड़ी से हार गया। हां, मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था, और हो सकता है कि मैं अभी भी उस तरह से आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं जैसा मैं चाहता हूं, लेकिन, मेरा मतलब है, मैंने बिना दर्द के खेला, इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है। उन्होंने कहा, 'वह बेहतर खिलाड़ी था। मुझे लगता है कि उसने मास्टर क्लास मैच खेला, ईमानदारी से कहूं तो, उसने बहुत ही शानदार ढंग से खेला और बहुत अच्छी सर्विस की, इसलिए उसकी टीम की जीत बहुत ही योग्य थी।' दोहा में दो बार के चैंपियन जोकोविच ने पिछले सीजन में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन पूरे सीजन में कोई और खिताब नहीं जीत पाए। 2017 के बाद यह पहली बार था जब 99 टूर-लेवल के खिताबी खिलाड़ी ने कोई बड़ा खिताब नहीं जीता। 37 वर्षीय खिलाड़ी का 2025 में 7-3 का रिकॉर्ड है। जोकोविच, जिन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि वे कम से कम क्ले स्विंग के अंत तक एंडी मरे के साथ काम करेंगे।

### मैं अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं

मैं हर किसी की तरह अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन मेरा खेल अब बदलने वाला नहीं है। मैं सर्व और वॉली नहीं खेलने जा रहा हूं, शायद कभी-कभार, लेकिन मेरा खेल वही है जो है, कोर वही रहने वाला है। मैं जिस सतह पर खेलता हूं उसके आधार पर समायोजित करने की कोशिश करने जा रहा हूं और इसी तरह। अधिक चोटें हैं। चीजें 10 साल पहले, 15 साल पहले जैसी नहीं हैं। मैं अभी भी अपने शरीर की दैनिक आधार पर देखभाल करने की कोशिश करता हूं, और इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब यह अधिक चुनौतीपूर्ण है। 24 बार के प्रमुख विजेता ने कहा, फ्रमैं अभी भी परिस्थितियों को देखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। जोकोविच को अब इंडियन वेल्स में एटीपीमास्टर्स 1000 इवेंट में खेलना है।

## हैदराबाद एफसी पर लीग डबल पूरा करने उतरेगी मुम्बई सिटी एफसी

**हैदराबाद।** मुम्बई सिटी एफसी बुधवार शाम यहां जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी, तो आइलैंडर्स का लक्ष्य हैदराबाद एफसी पर लीड डबल पूरा करना होगा, क्योंकि उन्होंने 30 नवंबर को रिवर्स फिक्स्चर 1-0 से जीता था। वहीं, मेजबान टीम अपने घर में लगातार तीसरी जीत हासिल करना चाहेगी, क्योंकि उसने अपने पिछले दो घरेलू मुकाबलों



में जमशेदपुर एफसी को 3-2 से और मोहम्मडन एससी को 3-1 से हराया था। मुम्बई सिटी 20 मैचों में आठ जीत, सात ड्रा और पांच हार से 31 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। उसने पिछले पांच मैचों में दो जीते, दो ड्रा खेले और एक हार हारा है। हैदराबाद एफसी 20 मैचों में चार जीत, चार ड्रा और 12 हार से 16 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में 12वें स्थान पर है। उसने अपने पिछले चार मैचों में दो जीते हैं। हैदराबाद ने आईएसएल 2024-25 में हैडर से नौ गोल खाए हैं, जो संयुक्त सबसे अधिक है। उसने सबसे कम क्लीन शीट (2) रखी हैं, और सभी 13 टीमों में सबसे अधिक गोल (41) खाए हैं।

रामलुंचुंगा ने इस सत्र के दौरान फाइनल थर्ड में 17 बार कब्जा जीता है, जो सभी भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अधिक है। उन्होंने एक गोल किया, तीन असिस्ट किए हैं, और विपक्षी बॉक्स के अंदर 25 टच दर्ज किए हैं। मुम्बई ने अपने कुल पास का 27.5त्न (कुल 9,104 पास में से 2,502) डिफेंसिव थर्ड में बनाया है, जो 94.6त्न सटीकता के साथ लीग में सबसे ज्यादा है। हैदराबाद के अंतरिम मुख्य कोच शमील चेम्बकथ ने आगामी मैच के लिए अपनी टीम की संभावनाओं पर बात की।

# जिले के अनेक विद्यालयों को नहीं मिली मान्यता

## पूरे प्रदेश में छह हजार से अधिक विद्यालय होगें बंद, निरीक्षण के नाम पर चल रहा अवैध वसूली का खेल

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों की मान्यता को लेकर अनेक प्रकार के कड़े नियम बनाये गये है, जिससे प्रदेश में छह हजार से अधिक निजी विद्यालय बंद होगें, क्योकि मान्यता प्राप्त करने की अतिंम तिथि दस फरवरी निकल चुकी है, उक्त आदेश से लाखो छात्र छात्राए भी बंचित होगें, पन्ना जिले में भी बताया जा रहा है, कि आधा दर्जन से अधिक विद्यालय के संचालको को मान्यता नवीन नियमो के तहत नहीं मिली है, क्योकि जिस प्रकार से सरकार द्वारा नये नियम जारी किये गये है, उक्त माप दण्ड के अनुसार अनेक विद्यालयो द्वारा मानक पूरे नहीं किये गये है। तथा जिन विद्यालयों के मान्यता संबंधि आवेदन दिये गये है, उक्त विद्यालयों का शिक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण कराया जा रहा है, निरीक्षण करने वाले शिक्षा विभाग



के अधिकारी भी बहती गंगा मे हाथ धो रहे है तथा निजी विद्यालयों से कमिया बताकर लिफाफा बटोर रहे है, सूत्रो द्वारा बताया जा रहा है कि, शिक्षा विभाग के जो बीआरसी, बीएसी, निजी विद्यालयों का निरीक्षण करने जाते है, उनके द्वारा संचालको को अनेक प्रकार की कमिया बतलाकर दबाव बनाया जाता है, और फिर मोटे लिफाफा लेकर कमियों को सही कर दिया जाता है। जहां एक ओर निजी विद्यालयो के अभीभावक परेशान है, वहीं दूसरी ओर निरीक्षण करने वालो की चांदी है। जबकी शासकीय विद्यालयों की स्थिती वर्तमान समय मे बहुत ही बदतर है, शासकीय विद्यालयों मे पेयजल, शौचालय, फनीर्चन, खेल मैदान, सहित किसी प्रकार की सुविधाए न होने के बावजूद शिक्षक भी मनमाने ढंग से विद्यालयों में उपसिति होते है, अनेक विद्यालयों में छात्रो की संख्या शिक्षको से भी कम है, लेकिन उक्त सरकारी विद्यालयों मे शिक्षक मोटी पगार पा रहे है, तथा मध्यान भोजन एवं अन्य प्रकार की राशि मे भी गोलमाल कर रहें है, मान्यता के मनमाने नियम करने को लेकर निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भी दिये गये, लेकिन उसमे भी कोई राहत नहीं मिली है। निजी विद्यालय संचालको का कहना है कि शिक्षा विभाग द्वारा सारे नियम कानून निजी विद्यालयों के लिए ही बनाये गये है। जबकी सबसे अधिक विद्यार्थी निजी विद्यालयों मे ही शिक्षा अध्ययन कर रहे है, क्योकि शासकीय विद्यालय के शिक्षक शिक्षा अध्ययन कराने मे लापरवाही बरत रहें है। इस प्रकार से सरकार द्वारा दोहरे मापदण्ड अपनाये जा रहें है।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर नहीं लग रहा प्रतिबंध

**पन्ना।** वर्तमान समय में सभी कछाओं की परीक्षाए लगभग प्रारंभ हो गई है तथा छात्र छात्राए अपने अध्यापन कार्य मे लगें हुए है, तथा उनके द्वारा पूरे वर्ष की गई पढाई का मुख्य मुकाबला है, शासन द्वारा समस्त ध्वनी विस्तारक यंत्रो पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिला कलेक्टर द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारीयो, एवं पुलिस के अधिकारीयो को आदेश जारी करते हुए ध्वनी विस्तारक यंत्रो पर कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किये गये है, उसके बावजूद पूरे जिले में शादी समारोह के दौरान तेज गति से लगातार ध्वनी विस्तारक यंत्र बजाये जा रहे, है जिससे छात्र छात्राओ की पढाई प्रभावित हो रहीं है। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक से ध्वनी विस्तारक यंत्रो का कड़ाई से प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की है।

# अज्ञात युवती की जंगल में मिली लाश, हत्या की आशंका

## जिले के बृजपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ीखेरा चौकी क्षेत्र का मामला

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के बृजपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पहाड़ीखेरा चौकी के अन्तर्गत कालिंजर मार्ग से 5 किलोमीटर अंदर सेहा के पास जंगल में गत दिनांक 16 फरवरी की शाम चार बजे अज्ञात बीस वर्षीय युवती की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी स्थानीय मजदूरों द्वारा वन विभाग के कर्मचारीयों को दी गई है। वन विभाग के कर्मचारी द्वारा चौकी पहाड़ी खेरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रीतम सिंह घटना स्थल पर पंहुचे तथा मौके पर बीस वर्षीय लड़की की लाश को देखते ही उन्होंने तत्काल ही घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा थोटा एवं एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदोरिया बृजपुर थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह चौहान को दी गयी। जिसके बाद थाना एवं पुलिस लाइन पन्ना से डॉग स्कॉर्ट दल मौके पर पहुंचा जिनके द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है। चौकी प्रभारी प्रीतम सिंह द्वारा मौके पर पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव को अपने कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम कार्यवाही हेतु जिला अस्पताल पन्ना के शव विच्छेदन गृह भिजवाया गया है। तथा आज दिन 17 फरवरी 2025 को भी युवती के शव की सिनाख्त न होने के कारण पुलिस को मृत युवती का सुराग लगाने मे भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

युवती के शरीर में चोट के निशान भी पाये गयें है। इस लिए स्पष्ट नहीं हो रहा है कि उक्त युवती की हत्या की गई है, या आत्म हत्या का मामला शव की सिनाख्त होने के उपरांत की ही पुलिस स्पष्ट कर पाएगी। घटना पर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना मे लिया है तथा पुलिस ने लोगो से शिनाख्त करने की अपील की है। मृतिका लाल कुर्ता एवं नीले कलर की पजामी पहने हुए हैं जिसकी गले में धारी सफेद कलर है।

## शनिवार अवकाश को खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**पन्ना।** महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश द्वारा फरवरी माह में शनिवार अवकाश 22 फरवरी को भी पंजीयन कार्यालय खोले जाने के संबंध में पत्र जारी कर निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र में उल्लेख है कि फरवरी एवं मार्च माह शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# शाहनगर में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

## डीजे इलेवन बनी विजेता

**पन्ना।** पन्ना जिले के शाहनगर में खेले गए टेनिस बाल क्रिकेट प्रीमियम लीग -2025 के फाइनल मैच में एसीसी इलेवन को हराकर डीजे इलेवन विजेता बन गई। शाहनगर के आमा स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मैच में डीजे इलेवन के खिलाड़ी ने मैच की आखरी गेंद पर छक्का मार कर एसीसी इलेवन को तीन विकेट से हरा दिया। इस प्रतियोगिता में जिले की करीब डेढ़ दर्जन क्रिकेट टीमों ने भाग लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया-फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत टेनिस बाल क्रिकेट प्रीमियम लीग-2025 का फाइनल मैच शाहनगर के आमा स्टेडियम में खेला गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पवई विधायक



प्रहलाद लोधी ने भारत माता के चित्र पटल पर माल्यार्पण कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया था। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान का भी वादन किया गया। तत्पश्चात् सरपंच शाहनगर तथा पूर्व खिलाड़ी मनोज जैन ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ कराया। जिसमें एसीसी इलेवन के कप्तान अजय जैन द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। उनकी टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 121 रन बनाए और डीजे इलेवन को 122 रन का लक्ष्य दिया। एसीसी की ओर से अमित ने तेजतर्रार 44 गेंदों पर 71रन बनाए। जिसके जवाब में डीजे इलेवन ने मैच की आखरी गेंद पर छक्का मारकर लक्ष्य को तीन विकेट रहते प्राप्त कर लिया।

# केन्द्रीय बजट हर वर्ग के लिए खुशहाली का बजट है : बृजेन्द्र

## बजट पेश होने के पन्द्रह दिन बाद भाजपा ने की पत्रकार वार्ता

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार द्वारा विगत एक फरवरी को संसद में वार्षिक बजट पेश किया गया था, जिसमें अनेक वर्गो के लिए विभिन्न योजनाए गिनाई गई थी, तथा हर वर्ग की खुशहाली की बात कही गई। उक्त बजट को लेकर भाजपा कार्यालय में 15 दिवस के बाद भाजपा ने पत्रकार वार्ता आयोजित करते हुए पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारो को संबोंधित करते हुए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट ऐतिहासिक और आम जनता को खुश करने वाला बजट है। यह विकसित भारत के अटल संकल्प की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट देश की



अर्थव्यवस्था के नये आयाम को स्वरूप देगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में हमारे गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त व सक्षम बनाने के प्रावधान किए गए हैं। इसमें एक तरफ जहां शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं, वहीं मेडिकल एजुकेशन और आईआईटी में 75 हजार सीटें बढ़ाने की घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की घोषणा की गई है, जिससे देश के 100 जिले और 1.70 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। साथ ही मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री किया गया है, जो एक ऐतिहासिक निर्णय है। श्री सिंह ने बजट का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया है। मध्यम वर्ग की बढ़ेगी शक्ति उन्होंने कहा कि नए केंद्रीय बजट का फोकस विकास में तेजी लाने, सुरक्षित समावेशी विकास, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू खर्च में वृद्धि और देश के उभरते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने पर है। इस बजट में 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं, आवश्यकता होने पर 4 साल का इन्कम टैक्स रिटर्न एकसाथ फाइल किया जा सकेगा। इसके साथ ही सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए कल्याणकारी बजट श्री सिंह ने कहा कि बजट में पीएम धनधान्य योजना लागू करने के अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन देने का प्रावधान किया गया है। समुद्री उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी 30 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा अन्य सभी वर्गो के लिए अनेक योजनाए एवं टैक्ट आदि में कटोती करते हुए बेहतर बजट के केन्द्र सरकार द्वारा पेश किया गया है। पत्रकारा वार्ता के दौरान भाजपा अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे, आशिष तिवारी आदि उपस्थित रहें।

# चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभा सम्मान तथा विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न

**पन्ना।** शहर की गौरवशाली संस्था चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभा सम्मान एवं विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें 12वीं के छात्रो को विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा स्टाप द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई, एवं उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यपर्ण कर किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय संचालक नईम खान का स्वागत छात्र छात्राओं द्वारा फूल मालाओ से एवं स्टाप के द्वारा किया गया। इस दौरान संचालक श्री खान ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही बच्चों का भविष्य बनता है,







कोई भी विद्यालय हो उक्त विद्यालय के शिक्षको का भरपूर प्रयास रहता है कि हमारी संस्था में शिक्षा अध्ययन करने वाला प्रत्येक छात्र उच्च कोटि पर पंहुचे, यही हमारा सभी बारहवीं अध्ययनरत छात्रो के लिए आशीर्वाद है। लगातार 14 वर्ष तक हमारे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्रो ने शिक्षा के साथ साथ खेल, एवं अन्य क्षेत्रो में बेहतर प्रयास किया है, जिसके लिए वह बधाई के पात्र है, क्योकि प्रतिभावान छात्र जो अपना नाम रोशन करते है, उनके साथ संस्था का नाम भी आंगे बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं ने भी संबोंधित किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उद्बोधन भी दिये गये। इस अवसर पर संगीता गुप्ता, प्रभा वर्मा, अलशिफा खान रौनक, बबीता यादव, पूजा रैकवार पूर्णिमा बुंदेला, पूर्णिमा बाजपेई, प्रमिला कुशवाहा, सोमचंद्र, सुखदेव प्रजापति, प्रकाश व्यास, अरविंद शुक्ला सहित आदि शिक्षको ने भी संबोंधित किया।

## राहत राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण 1995 एवं संशोधित नियमों के प्रावधान अनुसार तथा जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय के तहत उत्पीड़ित व्यक्तियों को 12 लाख 25 हजार रूपए की राहत राशि स्वीकृत की है। अनुसूचित जाति वर्ग के 15 उत्पीड़ितों को 10 लाख 50 हजार रूपए तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 5 उत्पीड़ित व्यक्तियों को एक लाख 75 हजार रूपए की राहत राशि स्वीकृत की गई है।

# वनाधिकार पट्टा आदिवासियों को नहीं दिये जाने से नाराज आदिवासी समाज नें किया प्रदर्शन

## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत इटवाखास में सन 1980 से काबिज आदिवासी परिवार के लोग खेती करते आ रहे आदिवासी परिवार के 40 लोगों के पास चालान की रसीद तथा अन्य दस्तावेज उपलब्ध है, इसके बावजूद ग्राम पंचायत तथा संबंधित विभाग द्वारा वनाधिकार पट्टे नहीं दिये जा रहें है। उक्त मामले को लेकर पीड़ितो ने नेता प्रतिपक्ष को भी ज्ञापन दिया गया था, तथा लगातार जिला प्रशासन के अधिकारीयो से भी आवेदन देकर पट्टो की मांग की जा रहीं है। दिये गये ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि इटवा खांस मे पदस्थ



पटवारी रघुनाथ बागरी द्वारा संबंधित गरीब आदिवासीयों के साथ अभद्रता एवं गाली गलौच भी की जाती है। संबंधित आदिवासी वर्ग के लोगो ने दिये गये ज्ञापन के माध्यम से पट्टा दिलाये जाने की मांग की है। उक्त ज्ञापन के दौरान जयस संगठन के अध्यक्ष मुकेश गोड़ सहित भारी संख्या में आदिवासी वर्ग के लोग उपस्थित रहें।

# रक्सेहा में महिलाओं एवं बालिकाओं को दी जानकारी



**पन्ना।** वन स्टॉप सेन्टर पन्ना कार्यालय द्वारा आज ग्राम पंचायत रक्सेहा में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्वसहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही पीएम श्री स्कूल में छात्राओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

सेन्टर की प्रशासक कविता पाण्डेय एवं केस वर्कर सत्या थापक ने वन स्टॉप सेन्टर की भूमिका एवं क्रियाकलाप के बारे में जानकारी दी। साथ ही सखी केन्द्र के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं एवं बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। विभिन्न सहायता संबंधी प्रक्रिया की जानकारी से भी अवगत कराया गया। इसके अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, बाल विवाह, बैड टच-गुड टच और साइबर क्राइम संबंधी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

# शराब खोरी के बाद युवक की हत्या कर जलाई लाश

**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना अंतर्गत बेला में शराबखोरी के बाद 22 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश से सनसनी फैल गई, तो वहीं पुलिस ने तेजी से जांच-पड़ताल करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्यारेलाल पुत्र छोटेलाल केवट 22 वर्ष, निवासी बैजनाथ, थाना चोरहटा, जिला रीवा, का खेत सतना जिले की सीमा पर बनिया बगीचा के पास स्थित है, जहां उसका अक्सर आना-जाना होता था। रविवार की शाम को भी वह घर से निकलकर तालाब की मेड़ पर दो दोस्तों के साथ शराबखोरी कर रहा था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 8 बजे काम से लौटे पिता की नजर पड़ी तो उन्होंने साथ चलने के लिए कहा, मगर युवक ने कुछ देर बाद आने की बात कही। ऐसे में पिता छोटेलाल घर



जाने के बाद खाना खाकर सो गए।

उधर रात 9 बजे मां उर्मिला केवट ने प्यारेलाल को फोन किया तो उसने जल्दी ही लौटने की बात कही, मगर फिर भी नहीं आया। आधे घंटे बाद दोबारा फोन लगाने पर मोबाइल बंद बताने लगा। युवक पूर्व में भी कई दफा रात-रात भर घर से बाहर रहता था, ऐसे में बिना कोई संदेह किए मां भी खाना खाकर सो गई। सोमवार की सुबह पिता छोटेलाल हमेशा की तरह काम पर निकले, लेकिन जैसे ही नया तालाब से लगे बनिया बगीचा के पास पहुंचे तो दूर से किसी की लाश पड़ी दिखाई दी, मगर जब नजदीक गए तो उनके होश ही उड़ गए।

शव किसी और का नहीं बल्कि उनके बेटे प्यारेलाल का ही था। किसी तरह हिम्मत जुटाकर श्रमिक ने परिजन और पुलिस को सूचित कर दिया, जिस पर पहले बेला चौकी प्रभारी मौके पर आए, तो उनकी सूचना पर एएसपी ग्रामीण और पुलिस के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ जांच के लिए पहुंच गए।

आरोपियों ने सिर पर पत्थर जैसी कोई भारी चीज पटककर युवक को मौत के घाट उतारने के बाद लाश को तालाब की मेड़ से लगभग 100 मीटर तक घसीटकर बगीचे के पास रखा और फिर कमर से लेकर चेहरे तक धान का पैरा बिछाकर आग लगा दी, जिससे शरीर का ऊपरी हिस्सा काफी हद तक जल गया। उसके सिर, नाक और ठुड्डी में गंभीर चोट थी, जबकि पैंट कमर से नीचे उतरा हुआ था। तालाब की मेड़ पर शराबखोरी के साक्ष्य मिले हैं।

पिता के बयान और प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने आखिरी समय पर मृतक के साथ देखे गए दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। आरोपी और मृतक पूर्व से परिचित थे।

# नेशनल लोक अदालत के बारे में किया जा रहा है जागरूक



**पन्ना।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए पैरालीगल वार्लंटियर्स द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर संपर्क कर एवं जागरूकता शिविर एवं गतिविधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वार्लंटियर्स ने गत सोमवार को पवई क्षेत्र के ग्राम कमटा, जगदीशपुरा, तिल्ली, उर्दानी एवं सुनेही तथा मंलगवार को अमानगंज क्षेत्र के ग्राम रामनगर एवं झरकुआ में नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया।

## प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना का शिविर 20 फरवरी को

**पन्ना।** मत्स्य पालन विभाग द्वारा 20 फरवरी को सुबह 11 बजे सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय पन्ना में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना का शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफार्म पोर्टल पर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित करने का लक्ष्य है।

